हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, बुधवार, 18 दिसंबर 2024 | अंक 66 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप स्वास्थ से परेशान हो ?

* सर्दी खासी सिनेमाईटिस * ॲलर्जिक राईनिटिस * क्रॉनिक ब्रॉन्काईटिस * इसिनोफिलीया * ब्रॉनकियल बॉनकाईटस * कॉरपुलमानेल (कार्डियल) पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन : 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' विधेयक लोकसभा में पेश

> पक्ष में 269 और विरोध में 198 वोट पड़े > विधेयक जेपीसी में भेजे जाने की तैयारी > विधेयक का विपक्ष ने किया विरोध

**नई दिल्ली।**

सरकार ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक को मंगलवार को निचले सदन में पेश किया गया। विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को निचले सदन में पुर:स्थापित करने के लिए रखा। इनका विपक्षी दलों ने पुरजोर विरोध किया। सदन में मत विभाजन के बाद विधेयक को पुर:स्थापित कर दिया गया। विधेयक को पेश किए जाने के पक्ष में 269 वोट, जबकि विरोध में 198 वोट पड़े।

इसके बाद मेघवाल ने ध्वनिमत से मिली सदन की सहमति के बाद 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को भी पेश किया। दोनों विधेयकों को पुर:स्थापित किए जाने के बाद लोकसभा



अध्यक्ष ओम बिरला ने अपराह्न करीब एक बजकर 55 मिनट पर सदन की कार्यवाही अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी। नए संसद भवन में पहली बार किसी विधेयक पर मत विभाजन हुआ और यह भी पहली बार था कि इलेक्ट्रॉनिक मत विभाजन हुआ।

विधेयक पर विपक्षी दलों के विरोध के बीच, गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब मंत्रिमंडल में चर्चा के लिए विधेयक आया था, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद मंशा जाहिर की थी कि इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के विचार के लिए भेजा जाना चाहिए। कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से संबंधित प्रस्तावित विधेयक राज्यों की शक्तियों को छीनने वाला नहीं है, बल्कि यह विधेयक पूरी तरह संविधान सम्मत है।

उधर, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि यह संविधान के मूल ढांचे पर हमला है तथा देश को तानाशाही की तरफ ले जाने वाला कदम है। इसके साथ ही विपक्ष ने सरकार पर देश को तानाशाही की तरफ ले जाने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा जाना चाहिए।

देशभर में एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर पिछले साल सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने मार्च में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसी साल सितंबर में मोदी कैबिनेट ने इस रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। इस रिपोर्ट में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा और पंचायत चुनाव एक साथ कराए जाने को लेकर सुझाव दिए गए थे।

### व्हिप के बावजूद 20 से अधिक सांसद रहे नदारद

भाजपा ने मंगलवार को अपने लोकसभा सदस्यों को सदन में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हीप जारी किया था। जब विधेयक के लिए वोटिंग हुई तो भाजपा के 20 सांसद सदन में मौजूद नहीं थे। भाजपा ने यह फैसला दरअसल वोटिंग के दौरान पड़े वोटों को देखते हुए लिया है। वहीं बिल के पेश होने के दौरान सिर्फ 269 मत ही समर्थन में पड़े। इस बाबत बीजेपी सूत्रों की मानें तो, पार्टी अब उन सांसदों को चिह्नित कर रही है, जो सदन में मौजूद नहीं थे।

### अब 'वन नेशन, वन यूनिफॉर्म' पर विचार

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलिस के लिए 'वन नेशन, वन यूनिफॉर्म' का विचार दिया था। जानकारों का कहना है कि अगर देश में 'एक देश, एक चुनाव' की प्रक्रिया लागू कराने में केंद्र सरकार को सफलता मिलती है तो 'वन नेशन, वन यूनिफॉर्म' की अवधारणा भी आगे बढ़ सकती है। अक्तूबर 2022 में पीएम मोदी ने हरियाणा के सूरजकुंड में आयोजित चिंतन शिविर में 'एक पुलिस, एक वर्दी' का विचार दिया था। विभिन्न राज्यों के गृह मंत्रियों, गृह सचिवों और शीर्ष पुलिस अधिकारियों के समक्ष पीएम मोदी ने कहा था, 'पुलिस के लिए 'वन नेशन, वन यूनिफॉर्म' सिर्फ एक विचार है।

## खबरें! एक नजर में!!

### दिल्ली में कई स्कूलों को फिर मिली धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कुछ स्कूलों को मंगलवार सुबह फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। साउथ दिल्ली और नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। साउथ दिल्ली के इंडियन पब्लिक स्कूल और नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के सरस्वती विहार के एक स्कूल को धमकी मिली है। सूचना मिलने के बाद पुलिस, फायर ब्रिगेड और बम निरोधक दस्ते को स्कूल भेजा गया। स्कूल परिसर को खाली करा लिया गया।

### प्रीति लोबाना भारत में गूगल की नई कंट्री मैनेजर

**नई दिल्ली।** गूगल ने सोमवार को प्रीति लोबाना को भारत के लिए नया कंट्री मैनेजर और उपाध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। वह संजय गुप्ता का स्थान लेंगी। संजय गुप्ता हाल ही में गूगल में एशिया प्रशांत क्षेत्र के अध्यक्ष के रूप में उच्च पद पर आसीन हुए हैं। भारत के लिए नई कंट्री मैनेजर और उपाध्यक्ष के रूप में लोबाना सभी ग्राहकों तक एआईकी परिवर्तनकारी शक्ति पहुंचाने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए गूगल की रणनीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### जॉर्जिया में जहरीली गैस से 11 भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली।** जॉर्जिया के एक रिजॉर्ट में 11 भारतीयों की मौत हो गई है। एक स्थानीय नागरिक की भी मौत हुई है। सभी की लाशें रिजॉर्ट में उनके कमरों से मिली हैं। शुरुआती जांच में यह मामला जहरीली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस फैलने से मौत होने का बताया गया है। भारतीय दूतावास ने बताया है कि मरने वाले 11 भारतीय नागरिक जॉर्जिया के गुडौरी में एक भारतीय रेस्तरां 'हवेली' के कर्मचारी थे।

### बस और डंपर ट्रक की टक्कर में 6 की मौत

**भावनगर।** गुजरात के भावनगर जिले के भावनगर-तलाजा हाईवे पर एक निजी बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा तलाजा तालुका गांव के ट्रैपज के पास हुआ। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 लोग बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना के बाद 108 और पुलिस का काफिला मौके पर पहुंचा और घायलों को अस्पताल लेकर गए।

### दरभंगा में जल्द होगा एम्स का निर्माण

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बिहार के दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना के लिए स्थलाकृतिक सर्वेक्षण, भू-तकनीकी जांच और संरचनात्मक डिजाइन का सर्वे कर रहा है। राज्यसभा को एक लिखित सवाल के जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बताया कि बिहार सरकार ने अप्रैल 2023 में दरभंगा के बहादुरपुर में एकमी शोभन बाईपास के पास 151.17 एकड़ भूमि की पेशकश की है।

### जगन्नाथपुरी मंदिर के रत्न भंडार की मरम्मत शुरू

**नई दिल्ली।** जगन्नाथ पुरी मंदिर प्रशासन ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों से पुरी में स्थित 12वीं सदी के मंदिर के संपूर्ण रत्न भंडार की मरम्मत, रखरखाव और संरक्षण कार्य के लिए अनुरोध किया था। मंदिन प्रशासन मरम्मत के लिए एएसआई को मंजूरी देकर तुरंत शुरू करने का अनुरोध किया था।

## महाकाल हुए मालामाल



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर का भंडार भक्तों ने भर दिया है। मंदिर को यह रिकॉर्ड दान 11 माह 15 दिनों में 1अरब 69 करोड़ रुपये से अधिक का दान मिला है। इसमें 1533 ग्राम सोने और 399 किलो चांदी के साथ नकद रुपये भी मिले हैं। साथ ही महाकाल के भक्त 53 करोड़ 50 लाख से अधिक के लड्डू प्रसादी ले गए हैं और 64 किलो आभूषण दान पेटी से प्राप्त हुए हैं। हालांकि, महाकाल गर्भगृह में श्रद्धालुओं का प्रवेश बंद होने से आय प्रभावित हुई है। उज्जैन में महाकाल लोक बनने के बाद से ही श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके पहले मंदिर में रोजाना 50 हजार के करीब श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते थे, लेकिन अब यह आंकड़ा बढ़कर डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु प्रतिदिन पर पहुंच गया है। महाकाल दर्शन को आने वाले भक्त दिल खोलकर महाकाल मंदिर में दान और भेंट देते हैं। इससे मंदिर की आय भी तीन गुना बढ़ी है। बताया जा रहा है कि पिछले साल 13 माह का आंकड़ा मंदिर समिति ने जारी किया था। उस समय करीब 6 माह तक गर्भगृह में भक्तों का प्रवेश प्रतिबंधित नहीं था। इस कारण से प्रति श्रद्धालु के रूप में मंदिर समिति को 750 रुपये प्रवेश के रूप में मिलते थे।

## सीएम फडणवीस से सालों बाद मिले उद्धव ठाकरे




**नागपुर।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना (यूबीटी) के मुखिया उद्धव ठाकरे के बीच मुलाकात हुई है। इस मुलाकात ने सियासी गलियारों में चर्चाओं को हवा दे दी है। ये ऐतिहासिक मुलाकात नागपुर में चल रहे राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान हुई। इस मुलाकात में उद्धव ठाकरे के साथ उनके बेटे और पार्टी विधायक आदित्य ठाकरे, अनिल परब और वरुण देसाई भी शामिल थे।

मुलाकात ऐसे वक्त में हुई है जब डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की नाराजगी की खबरें सियासत में गर्म हैं। उद्धव ठाकरे ने इस मौके पर फडणवीस को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। दिलचस्प बात यह है कि ये पहली बार हुआ जब नई सरकार बनने के बाद दोनों नेता आमने-सामने बातचीत करते नजर आए।

गौरतलब है कि ठाकरे समेत विपक्ष के अन्य नेताओं को महायुति गठबंधन के भव्य शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने इस समारोह में शामिल नहीं होने का फैसला किया।

बैठक के बाद शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को देश और राज्य के हित में मिलकर काम करने के लिए राजनीतिक परिपक्वता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा,आज हमारे पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से मुलाकात की। महाराष्ट्र सरकार के लिए काम करते हुए, दोनों (सत्ता पक्ष और विपक्ष) को देश और राज्य के हित में मिलकर काम करने के लिए राजनीतिक परिपक्वता दिखानी चाहिए। इस मुलाकात ने महाराष्ट्र की सियासत में नई संभावनाओं को जन्म दे दिया है। एकनाथ शिंदे की नाराजगी के बाद इस मुलाकात से यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या इसे भविष्य में बन सकने वाले नए सियासी समीकरणों का संकेत माना जाएगा।

## संभल में एक और बंद मंदिर मिला

**संभल।** संभल निवासी विष्णु शरण रस्तोगी ने कार्तिकेय महादेव मंदिर को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए आपबीती सुनाई है। उन्होंने 1978 से बंद महादेव मंदिर ज़िक्र करते हुए बताया कि यह मंदिर रस्तोगी समाज का मंदिर हुआ करता था, लेकिन 1978 के दंगों के बाद से यहां का पूरा रस्तोगी समाज दहशत की वजह से सुरक्षित स्थानों पर चला गया। 1978 में हुए कत्लेआम के बाद यहां पूजा पाठ भी बंद हो गई थी।

बता दें, 14 दिसंबर को संभल के डीएम डॉ.राजेंद्र पेंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस फोर्स के साथ संभल के दीपा सराय, खग्गू सराय, रायसत्ती आदि इलाकों में बिजली चेकिंग अभियान चलाया था।

## 'मैजिकविन' सट्टेबाजी मामले में ईडी की छापेमारी

> 3.55 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।**

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की टीम ने ऑनलाइन सट्टेबाजी को लेकर दिल्ली, मुंबई और पुणे में 21 ठिकानों पर छापेमारी की है। बता दें कि ईडी द्वारा यह रेड प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट यानी पीएमएलए के तहत की गई है। 10 और 12 दिसंबर को ईडी की टीम ये छापेमारी की थी। बता दें कि अवैध क्रिकेट मैच के प्रसारण और ऑनलाइन सट्टेबाजी के मामले में चल रही जांच के तहत यह कार्रवाई ईडी ने की। छापेमारी के दौरान 30 लाख रुपये की बैंक राशि फ्रीज की गई, साथ ही कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए




हैं।ईडी ने ये जांच अहमदाबाद साइबर क्राइम पुलिस द्वारा ऑनलाइन बेटिंग ऐप मैजिकविन और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। जांच में सामने आया कि "मैजिकविन" एक सट्टेबाजी से जुड़ी वेबसाइट है, जिसे गेमिंग वेबसाइट के रूप में दिखाया गया है। हैरानी की बात ये है कि इस गेमिंग ऐप को पाकिस्तानी नागरिकों द्वारा तैयार किया गया था और इसका संचालन दुबई में बैठे कुछ भारतीय नागरिकों द्वारा किया जा रहा था। जांच में पता चला कि इस वेबसाइट पर दिखाए गए सट्टेबाजी वाले गेम फिलीपींस और अन्य देशों में खेले जाते हैं, जहां सट्टेबाजी वैध है। इन गेम्स के एपीआई को कॉपी कर, मैजिकविन पर फिर से प्रसारित किया जाता है। बता दें कि वेबसाइट पर होने वाले सट्टे, पैसे जमा करना, पैसे निकालना और सट्टेबाजी को ऑपरेट करना सब कुछ पाकिस्तान में बैठे इस ऐप के मालिकों द्वारा किया जा रहा था। ईडी की जांच में यह भी खुलासा हुआ कि खिलाड़ियों और सट्टेबाजों द्वारा वेबसाइट पर जमा किए गए पैसे को अलग-अलग शेल कंपनियों और फर्जी बैंक खातों के ज़रिए रूट किया गया है।

### बेटिंग ऐप की लॉन्च पार्टी

बता दें क खिलाड़ियों को पैसा डोमेस्टिक मनी ट्रांसफर (डीएमटी ) के जरिए भी भेजा गया है। जांच में यह भी पाया गया कि बेटिंग ऐप मैजिकविन ने भारत में एक लॉन्च पार्टी का आयोजन किया था, जिसमें कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज़ ने हिस्सा लिया और इसका प्रचार किया था। इन सेलेब्रिटीज ने मैजिकविन के लिए फोटो और वीडियो शूट किए और सोशल मीडिया पर इसके विज्ञापन भी पोस्ट किए।

## इंदौर में भीख मांगने पर पाबंदी

> भीख देने पर भी दर्ज होगा एफआईआर

**इंदौर।**

शहर में रहने वाले और इंदौर जाने वाले लोगों को अब सड़क पर मिलने वाले भिखारियों पर दरियादिली दिखाना महंगा पड़ सकता है। किसी भी भिखारी को भीख देने पर व्यक्ति पर केस भी दर्ज हो सकता है।

इंदौर कलेक्टर ने शहरवासियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि 1 जनवरी से भीख देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। कलेक्टर ने इंदौरवासियों से अपील की कि वे किसी भी व्यक्ति को भीख देकर पाप में भागीदार न बनें और ऐसा करने से बचें।



कलेक्टर ने बताया कि प्रशासन ने हाल ही में शहर में भीख मंगवाने वाले विभिन्न गिरोहों का खुलासा किया है, जो न सिर्फ समाज में असमंजस पैदा करते हैं, बल्कि गरीबों और जरुरतमंदों का शोषण भी करते हैं। इन गिरोहों द्वारा मजबूर लोगों का इस्तेमाल करके अवैध रूप से भीख मंगवाई जाती है, जो कानूनन अपराध है। इसी कड़ी में प्रशासन ने आगामी 1 जनवरी से भीख देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की योजना बनाई है।

अगर कोई व्यक्ति भीख देने में शामिल पाया जाएगा तो उसके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और यह सुनिश्चित करना है कि जो लोग वास्तव में मदद के हकदार हैं, उन्हें सीधे सहायता मिल सके, न कि उनके नाम पर कोई शोषण हो।

## केंद्र से मांगा प्रदूषित शहरों का ब्योरा

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को उन शहरों की पहचान करने का निर्देश दिया, जहां वायु प्रदूषण का स्तर गंभीर है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग जैसे तंत्र को देशभर में लागू करने की जरूरत पर जोर देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण के मसले पर उसकी सुनवाई सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं रहेगी। देशभर के प्रदूषण को लेकर सुनवाई होगी। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने कहा कि प्रदूषण देशव्यापी समस्या



है, लिहाजा हम सुनवाई का दायरा बढ़ा रहे हैं। पीठ ने सरकार से पूछा है कि क्या दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर देश के दूसरे प्रदूषित शहरों में भी एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन जैसी व्यवस्था की जा सकती है? पीठ ने कहा, यह गलत संदेश नहीं जाना चाहिए कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में है इसलिए उसकी चिंता सिर्फ दिल्ली के प्रदूषण को लेकर है।

## मुंबई एयरपोर्ट ने बनाया रिकॉर्ड

> नवंबर में 47 लाख पैसेंजरों ने किया सफर

**मुंबई।**

छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (सीएसएमआईए) यानी मुंबई एयरपोर्ट ने एयर पैसेंजर ट्रैफिक और कार्गो वॉल्यूम का नया रिकॉर्ड बनाया है। मुंबई एयरपोर्ट ने नवंबर 2024 में कुल 4.77 मिलियन ( 47 लाख) पैसेंजरों को उनकी मंजिल तक पहुंचाया। इसमें 3.40 मिलियन डोमेस्टिक पैसेंजर और 1.37 मिलियन इंटरनेशनल ट्रैवेलर थे। इस दौरान कार्गो वॉल्यूम में 11% का इजाफा हुआ है। मुंबई एयरपोर्ट का ऑपरेशनल मैनेजमेंट अदाणी ग्रुप के पास है। यह प्रदर्शन एक लीडिंग एविएशन हब के रूप में मुंबई एयरपोर्ट की स्थिति को उजागर करता है।



सीएसएमआईए ने नवंबर में 27200 एयर ट्रैफिक मूवमेंट (एटीएम) किया। इसमें मालवाहक यानी फ्रेटर समेत 19696 डोमेस्टिकएटीएम और कार्गो मालवाहक समेत 7504 इंटरनेशनल एटीएम को हैंडल किया गया। इस एयरपोर्ट पर 27 नवंबर 2024 का दिन सबसे व्यस्त दिन रिकॉर्ड हुआ। इस दिन कुल 941 उड़ानें ऑपरेट की गईं। मुंबई एयरपोर्ट का यह मजबूत प्रदर्शन फेस्टिव सीजन के दौरान डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट दोनों की बढ़ती मांग से प्रेरित था। सीएसएमआईए के एक्सटेंडेड नेटवर्क और टॉप क्लास की सर्विस पर फोकस करने से इस मांग को पूरा करने में मदद मिली है।

सीएसएमआईए ने इस बीच 71,046 मीट्रिक टन कार्गो का मैनेजमेंट किया। इसमें 18,653 मीट्रिक टन डोमेस्टिक शिपमेंट और 52,393 मीट्रिक टन इंटरनेशनल खेप शामिल है। प्रमुख डोमेस्टिक कॉमोडिटिज (घरेलू वस्तुओं) में कंसॉलिडेटेड कार्गो, इंजीनियरिंग गुड्स और पोस्टल मेल शामिल थे. इंटरनेशनल शिपमेंट में ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स की तादाद थी। कार्गो शिपमेंट के टॉप 3 डेस्टिनेशन दिल्ली, बैंगलोर और कोलकाता थे। जबकि लंदन, फ्रैंकफर्ट और दुबई प्रमुख इंटरनेशनल कार्गो डेस्टिनेशन के तौर पर उभरे।

**दिल्ली, बैंगलोर और गोवा टॉप 3 डेस्टिनेशन**

नवंबर में दिल्ली, बैंगलोर और गोवा टॉप 3 डेस्टिनेशन रहे। यानी बीते महीने मुंबई एयरपोर्ट से इन 3 जगहों के लिए पैसेंजरों ने सफर किया। इंटरनेशनल लेवल पर दुबई, अबू धाबी और लंदन सबसे ज्यादा बार इस्तेमाल होने वाले रूट रहे।

## उत्तर भारत में कोल्ड अलर्ट

> भारी बारिश की भी चेतावनी

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत समेत देश के कई इलाकों को कड़ाके की ठंड ने अपनी चपेट में ले लिया है। मौसम विभाग ने दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। आइएमडी के मुताबिक उत्तर और मध्य भारत में अगले दो दिन तक शीतलहर की संभावना है। उत्तर प्रदेश (यूपी) की बात करें तो सोमवार को भी सबसे ठंडा शहर अयोध्या रहा। अयोध्या में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री पर पहुंच गया है।

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी ठंड बढ़ने की संभावना जताई है। आईएमडी के मुताबिक, यूपी के गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, सहारनपुर, शामली जैसे जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा दिल्ली एनसीआर में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री कमी आने का अनुमान जताया गया है। जानकारी के मुताबिक राजस्थान में जयपुर समेत राज्य के कई इलाकों में 18 दिसंबर तक शीतलहर की संभावना है। वहीं मध्यप्रदेश के भी कुछ हिस्सों में अगले 24 घंटे शीतलहर की अनुमान जताया गया है। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ में 18 दिसंबर तक कड़ाके की ठंड के साथ कोहरे का प्रकोप जारी रहेगा। वहीं मीडिया



रिपोर्ट के मुताबिक मौसम विभाग ने दक्षिण भारत में तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक के अलग-अलग इलाकों में 17 और 18 दिसंबर को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. इसके अलावा केरल में 18 और 19 दिसंबर को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आधार शिविर पहलगाम में तापमान शून्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि श्रीनगर शहर में तापमान शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे और गुलमर्ग में शून्य से 4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 26 दिसंबर तक केंद्र शासित प्रदेश में मौसम के मुख्य रूप से शुष्क रहने तथा 21-22 दिसंबर की रात को घाटी के ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है।

CMYK

# जीडीपी ग्रोथ रेट धीमा पड़ने के बाद अर्थव्यवस्था ने पकड़ी रफ्तार

## एडवांस टैक्स में 16.8 फीसदी की उछाल




**नई दिल्ली.** इंडियन इकोनॉमी एकबार फिर से फर्राटा भरने के लिए तैयार है. क्योंकि, इस पर लगा ब्रेक हट गया है. अर्थव्यवस्था पर मंदी, सुस्ती और पस्ती के बादल छंट गए हैं. एडवांस टैक्स में पिछले साल की तुलना में 16.8 फीसदी का उछाल आया है. यानी पिछले साल की तीसरी तिमाही में तीन लाख 14 हजार के एडवांस टैक्स कलेक्शन से 16.8 फीसदी अधिक इस साल की तिमाही में हुआ है. इससे लग रहा है कि अर्थव्यवस्था फिर से पुरानी पटरी पर लौट रही है. इस साल 15 दिसंबर तक एडवांस टैक्स के रूप में साढ़े सात लाख करोड़ की वसूली हुई है, जो पिछले साल की तुलना में 20 फीसदी अधिक है. इनमें कॉरपोरेट एडवांस टैक्स पांच लाख 60 हजार करोड़ का और पर्सनल इनकम टैक्स एक लाख 91 हजार करोड़ का है. इसे अर्थशास्त्री दूसरी तिमाही में जीडीपी में हुई मात्र 5.4 फीसदी वृद्धि से अधिक उछाल का संकेत मान रहे हैं.

एडवांस टैक्स के लिए 15 दिसंबर तक का आंकड़ा इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस सीमा तक निजी आयकर या कॉरपोरेट टैक्स सभी तरह के टैक्स के 75 फीसदी जमा कर देने हैं. इसलिए 15 दिसंबर तक पूरे वित्तीय वर्ष में जमा होने वाले एडवांस टैक्स की झलक मिल जाती है. इससे यह भी पता चल जाता है कि सरकार के खजाने में एडवांस टैक्स के मदद में कुल कितने की रकम आएगी.

### 33.61 लाख करोड़ होगा कुल टैक्स कलेक्शन

वित्तीय वर्ष 2024 में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट दोनों टैक्सों को मिलाकर लगभग 33 लाख 61 हजार करोड़ की वसूली का अनुमान है. इनमें 18 लाख 23 हजार डायरेक्ट टैक्स के रूप में और 15 लाख 38 हजार करोड़ रुपये इनडायरेक्ट टैक्स के रूप में जमा हो सकते हैं. डायरेक्ट टैक्स में इनकम टैक्स और कॉरपोरेट टैक्स होता है. इनडायरेक्ट टैक्स जीएसटी, कस्टम ड्यूटी और एक्साइज ड्यूटी को कहा जाता है.

# रियल एस्टेट सेक्टर की सूरत बदलेगा नोएडा एयरपोर्ट



**नई दिल्ली.** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टेस्टिंग फ्लाइट सफलता पूर्वक हो गई है. साल 2025 में मुमकिन है कि यहां पर कमर्शियल उड़ानें शुरू हो जाएंगी. ऐसे में इस पूरे इलाके में आम लोगों की रुचि काफी बढ़ गई है. यहां पर लगातार कई प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो रही है. बेसिक इंफ्रा पर लगातार काम हो रहा है. एयरपोर्ट के पास से करीब 21 सड़कें बनाई जानी हैं. जिसपर हरी झंडी मिलना अभी बाकी है. रियल एस्टेट जानकारों का मानना है कि एयरपोर्ट के एक बार चालू होने के बाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के हाउसिंग मार्केट के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है. खास बात तो ये कि हाल ही में यहां कई लग्जरी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स लॉन्च हुए हैं. साथ ही यमुना के किनारे एक्सप्रेसवे पर कई प्रोजेक्ट्स लॉन्च होने की तैयारी कर रहे हैं. नवंबर में, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक प्राधिकरण ने यीडा शहर में एक ग्रुप हाउसिंग प्लॉट योजना शुरू की. इस योजना के तहत यीडा 20 ग्रुप हाउसिंग लैंड दे रही है. ये स्कीम 18 दिसंबर, 2024 को बंद हो जाएगी. ये लैंड सेक्टर 22 डी (9 भूखंड), 18 (छह भूखंड), और 17 (पांच भूखंड) में मौजूद हैं. रियल एस्टेट जानकारों का मानना है कि एक बार आवंटित होने पर इन भूखंडों पर लगभग 25,000 से 30,000 यूनिट्स के हाउसिंग स्टॉक दिखाई दे सकते हैं.

यीडा सेक्टर में लगभग 100 एकड़ में फैली एक हाउसिंग टाउनशिप विकसित करने के लिए एक सलाहकार की भी तलाश कर रहा है. इस पहल का उद्देश्य 17 अप्रैल, 2025 को खुलने वाले आगामी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास डेवलपमेंट को बढ़ाना और औद्योगिक और आवासीय क्षमता को बढ़ाना है. प्राधिकरण ने इस संबंध में रिक्वेस्ट प्रपोजल डॉक्युमेंट्स भी जारी किए हैं. खास बात तो ये है कि यीडा सेक्टर 24ए में 451 आवासीय भूखंड के लिए 1.12 लाख आवेदन आ चुके हैं. अब आप समझ सकते हैं कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने यीडा की डिमांड को कितना बढ़ा दिया है.

# डीएएम कैपिटल की आरंभिक पेशकश खुलेगी आज




**मुंबई.** डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड आरंभिक सार्वजनिक निर्गम ("प्रस्ताव") खोलने का प्रस्ताव करती है। बोली/प्रस्ताव बंद होने की तिथि सोमवार, 23 दिसंबर, 2024 होगी। एंकर निवेशक बोली तिथि बोली/प्रस्ताव खुलने की ऑफर का मूल्य बैंड ₹269/- प्रति इक्विटी शेयर से ₹283/- प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 53 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 53 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं। कंपनी के ₹ अंकित मूल्य वाले 29,690,900 इक्विटी शेयरों की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश ("इक्विटी शेयर")। इस ऑफर में मल्टीपल्स अल्टरनेट एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ("एमएएमपीएल") द्वारा ₹ अंकित मूल्य के 8,714,400 इक्विटी शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है, जिसका कुल मूल्य ₹ मिलियन है, नरोत्तम सत्यनारायण सेखसरिया ("एनएसएस") द्वारा ₹ अंकित मूल्य के 7,042,400 इक्विटी शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है, जिसका कुल मूल्य ₹मिलियन है, आरबीएल बैंक लिमिटेड ("आरबीएल") द्वारा ₹ अंकित मूल्य के 5,771,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है, जिसका कुल मूल्य ₹ मिलियन है, ईजीएक्सेस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ("ईएफएसएल", एमएएमपीएल, एनएसएस के साथ) द्वारा ₹ अंकित मूल्य के 5,064,250 इक्विटी शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है और आरबीएल, "निवेशक विक्रय शेयरधारक") और ₹ अंकित मूल्य के 3,098,850 इक्विटी शेयर तक कुल मिलाकर मिलियन तक धर्मेश अनिल मेहता ("प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक", निवेशक विक्रय शेयरधारकों के साथ, "विक्रय शेयरधारक" और विक्रय शेयरधारकों द्वारा इस तरह की पेशकश, "बिक्री के लिए प्रस्ताव")।

इस ऑफर में ₹ अंकित मूल्य वाले 70,000 इक्विटी शेयरों का आरक्षण शामिल है, जो कुल मिलाकर ₹मिलियन (जो ऑफर के बाद चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का फीसदी है), पात्र कर्मचारियों ("कर्मचारी आरक्षण हिस्सा") द्वारा सदस्यता के लिए है। कर्मचारी आरक्षण हिस्से को घटाने वाले ऑफर को इसके बाद "नेट ऑफर" कहा जाएगा। ऑफर और नेट ऑफर हमारी कंपनी के ऑफर के बाद चुकता इक्विटी शेयर होगा।

# जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई.**



वैश्विक स्तर पर और भारत, अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका और यूएई में महत्वपूर्ण उपस्थिति के साथ, वैल्यू के संदर्भ में 31 मार्च, 2024 तक आईसीटी उपकरणों का सबसे बड़ा रिफर्बिशर है। आईपीओ में ₹ अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर ₹825 करोड़ तक है और ₹ अंकित मूल्य वाले 9,700,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है। बिक्री के लिए प्रस्ताव में शरद खंडेलवाल द्वारा 35,000 इक्विटी शेयर, विधि शरद खंडेलवाल द्वारा 35,000 इक्विटी शेयर और एमिएबल इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 9,630,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। कंपनी उन कुछ कंपनियों में से एक है जिसने अपने ग्राहकों को सुविधा और भरोसा प्रदान करने के लिए रिफर्बिश्ड आईसीटी डिवाइस के लिए वारंटी की अवधारणा को आगे बढ़ाया और अभी भी उद्योग में अग्रणी वारंटी शर्तें दे रही है। वित्तीय वर्ष 2024 तक रिफर्बिशिंग क्षमता के मामले में वे भारत के सबसे बड़े माइक्रोसॉफ्ट अधिकृत रिफर्बिशर हैं। वे कैलेंडर वर्ष 2024 तक बाजार पूंजीकरण के मामले में भारत की दूसरी सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी के लिए आईटी एसेट निपटान भागीदार भी हैं, जो उनकी प्रयुक्त आईटी संपत्ति खरीदती है। कंपनी लेनोवो और एचपी के साथ एक प्रमाणित रिफर्बिशमेंट पार्टनर है, जो कि कैलेंडर वर्ष 2023 तक क्रमशः 24 फीसदी और 21 फीसदी की बाजार हिस्सेदारी के मामले में शीर्ष दो वैश्विक ब्रांड हैं।

30 सितंबर, 2024 तक उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, एशिया, एशिया प्रशांत, यूरोप, अफ्रीका और मध्य पूर्व के 35 देशों में परिचालन फैला हुआ है, जिसे भारत, अमेरिका और यूएई में स्थित पांच नवीनीकरण सुविधाओं द्वारा समर्थित किया जाता है, जिसमें नवी मुंबई, महाराष्ट्र, भारत में एक सुविधा, डलास, टेक्सास, यूएसए में एक सुविधा और शारजाह, यूएई में तीन सुविधाएं शामिल हैं, जो कुल मिलाकर 58,127.82 वर्ग फुट हैं। हमारी सुविधाएं क्षेत्रीय बाजारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से स्थित हैं, जबकि भारत, मध्य पूर्व, यूरोप, अफ्रीका और यूएसए में वैश्विक पहुंच बनाए रखती हैं। यह माल ढुलाई लागत को कम करने, डिलीवरी के समय को अनुकूलित करने और परिचालन दक्षता बढ़ाने में भी मदद करता है।

# मुंबई इंडियंस के साथ रणनीतिक साझेदारी करने की घोषणा

**मुंबई.**

भारतीय इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन उद्योग की अग्रणी कंपनी और भारत में श्नाइडर इलेक्ट्रिक समूह की इकाई, लॉरिट्ज़ नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन (जिसे पहले एलएंडटी स्विचगियर के नाम से जाना जाता था) ने आज देश सबसे बड़ी और सबसे मूल्यवान क्रिकेट फ्रैंचाइज़ी में से एक, मुंबई इंडियंस के साथ 'मुख्य भागीदार' के रूप में रणनीतिक साझेदारी करने की घोषणा की। इस ऐतिहासिक साझेदारी के हिस्से के रूप में, लॉरिट्ज़ नुडसेन का लोगो मुंबई इंडियंस की आधिकारिक जर्सी और प्रशिक्षण परिधान (ट्रेनिंग एपेरल) में सामने की तरफ प्रमुखता से दिखाई देगा और इस तरह ब्रांड की पहुंच 2025 सीज़न से वानखेड़े के और टीम के 50 मिलियन वैश्विक प्रशंसकों तक होगी।

श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, ग्रेटर इंडिया के ज़ोन अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा, "क्रिकेट भारत को सबसे शानदार तरीके से जोड़ता है, जो सीमाओं और संस्कृतियों से परे संबंध बनाता है। लॉरिट्ज़ नुडसेन के समाधानों ने दशकों से हमारे ग्राहकों को बेहतर उत्पादों से समृद्ध किया है और देश के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के साथ एक नए विकास पथ पर आगे बढ़ने के बीच हम अपने ग्राहकों, भागीदारों और हितधारकों के लिए पसंदीदा भागीदार बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

दुनिया की सबसे सफल क्रिकेट फ्रैंचाइज़ी में से एक, मुंबई इंडियंस के साथ यह साझेदारी विकास, उत्कृष्टता और प्रदर्शन के लिए हमारे साझा जुनून को पूरी तरह से दर्शाती है।




हम टीम को एक बेहतरीन सीज़न की शुभकामनाएं देते हैं और हमें विश्वास है कि वे एक बार फिर से खेल को आगे बढ़ाएंगे, क्रिकेट में क्लास, क्वालिटी और इनोवेशन के लिए नए मानक स्थापित करेंगे।

# सोने के इंपोर्ट में तेजी से बढ़ी मुश्किलें

**नई दिल्ली.** भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए संकट की घ़ड़ी है. निर्यात पर भारी मार पड़ी है. आयात ने सारी सीमाएं तोड़ दी है. इस कारण व्यापार घाटा चरम पर पहुंच गया है. सोने ने भी आयात के पिछले सारे रिक़ॉर्ड तोड़ दिए हैं. ऐसे में खजाने से विदेशी मुद्रा भंडार खाली होगा. डॉलर के मुकाबले रुपया टूटेगा. रोजगार से लेकर करोबार तक पर इसकी मार पड़ने वाली है. भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़े इसकी गवाही देते हैं. इसके मुताबिक, भारत का व्यापार घाटा पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए नवंबर में 37.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया है. वहीं सोने का आयात भी रिकॉर्ड ऑल टाइम हाई पर है. नवंबर में 14.8 अरब डॉलर के सोने का आयात हुआ है. जानकारों की मानें तो व्यापार घाटे यानी आयात का निर्यात से अधिक होने की स्थिति इस तरह भयानक हो जाने का सब बड़ा कारण सोने की आयात में उछाल है. क्योंकि 37.84 अरब डॉलर के आयात में अकेले सोने की हिस्सेदारी 14.8 अरब डॉलर की है. पिछले साल नवंबर महीने की तुलना में भारत का निर्यात 4.85 फीसदी गिरकर 32.11 अरब डॉलर पर पहुंच गया है. केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर महीने की तुलना में भारत का आयात 27 फीसदी बढ़कर 69.95 अरब डॉलर पर चला गया है. खाद्य तेल, चांदी और उर्वरक की काफी अधिक मांग होने के कारण आयात इस तरह बढ़ रहा है.

# भारत की तिजोरी खाली कर रहा चीन

**नई दिल्ली.** भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर देश में अक्सर चर्चा होती रहती है. सोशल मीडिया पर आए दिन चीन के सामानों का विरोध भी दर्ज कराया जाता है. लेकिन, जब आप असली आंकड़ों पर नजर डालते हैं तो ये आपको हैरान कर देते हैं.



साल 2023 में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी था. लेकिन, साल 2024 में ये दर्जा चीन ने फिर हासिल कर लिया है. व्यापार को लेकर मई 2024 में ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने जो आंकड़े जारी किए थे, उनके अनुसार, 2024 के वित्त वर्ष में भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 118.4 अरब डॉलर का रहा है.

हालांकि, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मौजूदा वित्तीय वर्ष (2024-25) में अप्रैल से लेकर अगस्त तक अमेरिका मामूली अंतर से व्यापार के मामले में चीन से आगे निकल गया और शीर्ष पर है. अमेरिका और भारत के बीच इस समय में कुल 53 अरब डॉलर का व्यापार हुआ, जबकि भारत-चीन के बीच 52.43 अरब डॉलर का व्यापार हुआ.

मौजूदा वित्तीय वर्ष (2024-25) में अप्रैल से लेकर अगस्त तक चीन ने भारत में 46.6 अरब डॉलर का सामान भेजा. जबकि, भारत ने चीन को 5.7 अरब डॉलर का सामान भेजा जो आयात का सिर्फ 8 फीसदी है. वहीं, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 में चीन से भारत का आयात 101 अरब डॉलर रहा. इस बीच भारत -चीन के बीच लगभग 82 अरब डॉलर का व्यापार हुआ. इसमें आयात 65 अरब डॉलर का था और निर्यात 16 अरब डॉलर का था. 2020 की बात करें तो इस साल दोनों देशों के बीच लगभग 86.5 अरब डॉलर का व्यापार हुआ. इसमें आयात 65 अरब डॉलर से अधिक था और निर्यात 21 अरब डॉलर था.

2021 की बात करें तो इस साल भारत-चीन के बीच 115 अरब डॉलर का व्यापार हुआ. इस दौरान निर्यात 21 अरब डॉलर रहा. लेकिन आयात 94.5 अरब डॉलर तक जा पहुंचा. साल 2022 में यह आंकड़ा 113 अरब डॉलर रहा. इस साल निर्यात में 28 फीसदी की भारी गिरावट देखी गई. जबकि, आयात 98.5 अरब डॉलर जा पहुंचा. 2023 की बात करें तो इस साल दोनों देशों के बीच 118 अरब डॉलर का व्यापार हुआ.

# 25 फीसदी सस्ता हुआ आलू- प्याज- टमाटर

**नई दिल्ली.**



पहले बात आलू की करें तो कीमतों में गिरावट देखने को मिली हैं. जिसका प्रमुख कारण आलू की फसल का रकबा बढ़ना है. देश के सबसे बड़े उत्पादक उत्तर प्रदेश में नई फसल की आवक मजबूत है, और जिन कोल्ड स्टोरेज ने कीमतों में और वृद्धि के लिए पुराना स्टॉक रखा था, उन्हें अब उन्हें मजबूरी में खत्म करना पड़ रहा है. आजादपुर मार्केट टोमेटो एसोसिएशन के सदस्य अशोक कौशिक ने कहा कि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में टमाटर का उत्पादन अधिक होने और देश भर की मंडियों (थोक बाजार) में आवक में सुधार होने के कारण टमाटर की कीमतों में गिरावट आई है. उत्तर प्रदेश कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने कहा कि 2025 में आलू की कीमतें निचले स्तर पर रहेंगी क्योंकि उत्पादन मजबूत होने और पश्चिम बंगाल में रकबा बढ़ने की उम्मीद है. पश्चिम बंगाल कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के सदस्य पतित पबन डे ने कहा, इस साल पश्चिम बंगाल में आलू का रकबा 10 फीसदी बढ़ गया.

राज्य में 4.7 लाख हेक्टेयर में आलू की खेती होती है. पिछले साल जहां उत्तर प्रदेश में 160 लाख टन आलू का उत्पादन हुआ, वहीं बंगाल में 90 लाख टन कंद का उत्पादन हुआ. क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि टमाटर, आलू और प्याज भारत में सबसे अधिक खपत वाली सब्जियां हैं. इन तीनों की कीमतें पिछले कुछ समय से ऊंची बनी हुई हैं. चौथी तिमाही में सब्जियों की महंगाई धीरे-धीरे कम हो जाएगी. हमारा अनुमान है कि कुल महंगाई 4.5 फीसदी से कम देखने को मिलेगी. कीमत में गिरावट पर टिप्पणी करते हुए, भारतीय सांख्यिकी संस्थान के पूर्व प्रोफेसर, अर्थशास्त्री दीपांकर दासगुप्ता ने कहा कि मुझे टीओपी (टमाटर, प्याज, आलू) की कीमत में गिरावट के कारण महंगाई में कमी की उम्मीद है. फॉर्मल सेक्टर में काम करने वाले कंज्यूमर्स को काफी राहत मिलेगी. लेकिन मौजूदा कीमतें, गिरावट के बाद भी, इंफॉर्मल सेक्टर में काम करने वाले लोगों के लिए बड़ा सिरदर्द है.

### क्या कम होगी ब्याज दर?

❑ ब्याज दरों में कटौती ना होने का सबसे बड़ा कारण खाद्य महंगाई को ही माना जा रहा था. सितंबर महीने में खाद्य महंगाई 9.24 फीसदी देखने को मिली थी. जबकि अक्टूबर के महीने में खाद्य महंगाई बढ़कर 9.69 फीसदी हो गई थी. वहीं नवंबर के महीने में खाद्य महंगाई 9 फीसदी पर ही बनी हुई है. दिसंबर महीने में फूड इंफ्लेशन के 6 से 7 फीसदी और जनवरी महीने की खाद्य महंगाई का आंकड़ा 5 फीसदी से नीचे आने का अनुमान है.

# वेदांता ने किया 3324 करोड़ का डिविडेंड बांटने का ऐलान




**नई दिल्ली.** श्री एम यानी माइंस, मिनरल और मेटल क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता के शेयरों में आपने भी तो निवेश नहीं कर रखा है. अगर ऐसा है तो आपके लिए खुशखबरी है. वेदांता कंपनी ने अपने निवेशकों को 3,324 करोड़ का डिविडेंड (लाभांश) बांटने का एलान किया है. डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 24 दिसंबर का रखा गया है. यानी 23 दिसंबर या उससे पहले वेदांता के शेयर खरीदकर 24 दिसंबर तक अपने डीमैट एकाउंट में होल्ड रखने वाले निवेशकों को इसका फायदा मिलेगा. कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने चौथे डिविडेंड के रूप में साढ़े आठ रुपये प्रति शेयर निवेशकों को देने का फैसला किया है. वेदांता कंपनी की ओर से कहा कहा गया है कि डिविडेंड का भुगतान कानून से तय समय-सीमा के तहत कर दिया जाएगा. पिछले साल 29 दिसंबर तो कंपनी के हर शेयर का दाम 258 रुपया 50 पैसा था. जो अभी बढ़कर 526.50 रुपया हो चुका है. इस तरह वेदांता ने सालभर में ही अपने निवेशकों की संपत्ति दोगुनी कर दी है. भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों के लिए अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता हाई डिविडेंड देने वाली कंपनी बन गई है.

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी मंगल विकली लॉटरी
सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर मंगळवार • सोडत क्रमांक 51 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 17/12/2024

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 6431 महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर | 4140 | 6057 ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी - पुणे | 4718 | 2349 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 2370 | | | | | 9082 | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 2679 | | 6843 अंबिका एजन्सी, दादर, मुंबई | | 7631 | | 8597 | | 9205 | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1509 | 2284 | 2397 | 3308 | 4200 | 4520 | 4715 | 6948 | 9208 | 9308 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0968 | 2625 | 2765 | 3047 | 3852 | 3875 | 4432 | 7788 | 8724 | 8904 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| सहावे बक्षिस रु. 300/- | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0701 | 1587 | 2967 | 3714 | 4647 | 5546 | 6530 | 7204 | 7877 | 9291 |
| | 0906 | 1632 | 2988 | 3806 | 4685 | 5568 | 6532 | 7308 | 7986 | 9298 |
| 0025 | 0914 | 1816 | 3020 | 3831 | 4740 | 5600 | 6612 | 7327 | 7987 | 9359 |
| 0060 | 0950 | 1830 | 3035 | 3838 | 4842 | 5633 | 6641 | 7344 | 8086 | 9391 |
| 0065 | 0972 | 1841 | 3113 | 3894 | 4941 | 5691 | 6660 | 7356 | 8241 | 9404 |
| 0144 | 1047 | 1876 | 3201 | 3988 | 4962 | 5702 | 6664 | 7372 | 8329 | 9420 |
| 0172 | 1086 | 1975 | 3349 | 4001 | 5166 | 5735 | 6679 | 7474 | 8373 | 9441 |
| 0179 | 1103 | 2002 | 3366 | 4130 | 5206 | 5751 | 6758 | 7520 | 8448 | 9458 |
| 0273 | 1109 | 2042 | 3376 | 4155 | 5242 | 5882 | 6786 | 7529 | 8488 | 9510 |
| 0277 | 1120 | 2156 | 3390 | 4244 | 5254 | 5960 | 6865 | 7551 | 8698 | 9656 |
| 0333 | 1126 | 2225 | 3393 | 4335 | 5302 | 6054 | 6892 | 7582 | 8782 | 9728 |
| 0388 | 1159 | 2272 | 3436 | 4401 | 5333 | 6063 | 6933 | 7710 | 8806 | 9871 |
| 0416 | 1202 | 2407 | 3443 | 4403 | 5347 | 6164 | 6970 | 7727 | 8835 | 9900 |
| 0464 | 1211 | 2462 | 3447 | 4466 | 5352 | 6309 | 7073 | 7762 | 8886 | 9901 |
| 0466 | 1324 | 2598 | 3534 | 4469 | 5360 | 6351 | 7076 | 7771 | 8887 | 9925 |
| 0500 | 1341 | 2601 | 3556 | 4481 | 5393 | 6364 | 7087 | 7778 | 8978 | 9939 |
| 0545 | 1371 | 2725 | 3664 | 4496 | 5413 | 6408 | 7103 | 7786 | 9009 | 9951 |
| 0565 | 1414 | 2926 | 3697 | 4516 | 5437 | 6412 | 7177 | 7801 | 9046 | 9960 |
| 0590 | 1583 | 2931 | 3709 | 4642 | 5463 | 6526 | 7179 | 7829 | 9103 | 9967 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 25/12/2024
जिंका फक्त 4 अंकावर — पहिले सामाईक बक्षिस रु. ₹14 लाख
दुसरे बक्षिस ₹2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे)
तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी मंगळ विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 17/12/2024
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र पद्मीनी विकली लॉटरी — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
सोडत दर मंगळवारी • तिकीट किंमत रु. 50/- • सोडत क्र. 51 • सोडत दिनांक 17/12/2024

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख — PM-02 : 4395

उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- — पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी — 4395 — श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई; श्री एन्टरप्रायझेस - दादर, मुंबई

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1355 | 1525 | 2279 | 5467 | 5483 | 6355 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 3400 | 4256 | 4826 | 6079 | 6451 | 6902 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 3421 | 3594 | 3596 | 4962 | 5304 | 5795 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 2761 | 3811 | 5023 | 5407 | 5480 | 6781 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी) | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1981 | 2284 | 2678 | 3122 | 3403 | 3946 | 4323 | 4726 | 5122 | 5604 | 6079 | 6596 |
| | | 1984 | 2289 | 2721 | 3164 | 3412 | 3977 | 4334 | 4734 | 5152 | 5646 | 6086 | 6605 |
| 1008 | 1542 | 2020 | 2293 | 2722 | 3167 | 3414 | 3983 | 4341 | 4749 | 5175 | 5675 | 6090 | 6616 |
| 1009 | 1547 | 2026 | 2295 | 2725 | 3178 | 3420 | 3986 | 4342 | 4765 | 5183 | 5680 | 6112 | 6627 |
| 1014 | 1551 | 2032 | 2296 | 2727 | 3186 | 3428 | 3998 | 4344 | 4772 | 5189 | 5695 | 6113 | 6628 |
| 1041 | 1568 | 2038 | 2319 | 2728 | 3192 | 3485 | 4018 | 4366 | 4779 | 5205 | 5735 | 6115 | 6632 |
| 1066 | 1591 | 2044 | 2322 | 2749 | 3197 | 3488 | 4035 | 4384 | 4789 | 5244 | 5737 | 6117 | 6659 |
| 1100 | 1613 | 2074 | 2323 | 2752 | 3203 | 3505 | 4038 | 4395 | 4800 | 5255 | 5750 | 6141 | 6678 |
| 1108 | 1614 | 2075 | 2327 | 2782 | 3207 | 3529 | 4044 | 4404 | 4809 | 5295 | 5757 | 6169 | 6697 |
| 1112 | 1697 | 2076 | 2333 | 2806 | 3261 | 3531 | 4049 | 4413 | 4843 | 5301 | 5758 | 6184 | 6721 |
| 1114 | 1708 | 2086 | 2336 | 2819 | 3284 | 3581 | 4064 | 4414 | 4844 | 5302 | 5765 | 6216 | 6733 |
| 1115 | 1717 | 2095 | 2338 | 2821 | 3300 | 3607 | 4075 | 4415 | 4845 | 5306 | 5783 | 6218 | 6742 |
| 1117 | 1718 | 2102 | 2362 | 2826 | 3301 | 3612 | 4077 | 4422 | 4846 | 5317 | 5798 | 6219 | 6744 |
| 1130 | 1741 | 2109 | 2381 | 2828 | 3303 | 3613 | 4104 | 4423 | 4849 | 5319 | 5808 | 6228 | 6752 |
| 1131 | 1751 | 2115 | 2384 | 2850 | 3304 | 3630 | 4105 | 4424 | 4852 | 5320 | 5809 | 6266 | 6753 |
| 1138 | 1771 | 2119 | 2401 | 2874 | 3307 | 3687 | 4110 | 4426 | 4874 | 5345 | 5856 | 6272 | 6762 |
| 1142 | 1773 | 2121 | 2404 | 2887 | 3311 | 3690 | 4114 | 4431 | 4887 | 5351 | 5858 | 6276 | 6773 |
| 1170 | 1779 | 2164 | 2410 | 2899 | 3312 | 3693 | 4134 | 4434 | 4943 | 5354 | 5874 | 6282 | 6786 |
| 1181 | 1789 | 2165 | 2423 | 2902 | 3320 | 3711 | 4138 | 4441 | 4947 | 5389 | 5885 | 6324 | 6801 |
| 1185 | 1815 | 2183 | 2430 | 2924 | 3328 | 3727 | 4140 | 4447 | 4974 | 5405 | 5896 | 6355 | 6806 |
| 1189 | 1816 | 2206 | 2435 | 2947 | 3332 | 3732 | 4146 | 4453 | 4981 | 5406 | 5905 | 6362 | 6819 |
| 1195 | 1817 | 2210 | 2467 | 2951 | 3334 | 3735 | 4160 | 4467 | 4988 | 5407 | 5930 | 6376 | 6837 |
| 1197 | 1825 | 2212 | 2489 | 2964 | 3335 | 3767 | 4164 | 4484 | 5000 | 5425 | 5944 | 6385 | 6844 |
| 1198 | 1830 | 2215 | 2495 | 2992 | 3340 | 3770 | 4190 | 4487 | 5010 | 5470 | 5952 | 6386 | 6846 |
| 1240 | 1841 | 2218 | 2499 | 2998 | 3343 | 3773 | 4202 | 4509 | 5012 | 5472 | 5957 | 6423 | 6856 |
| 1243 | 1865 | 2219 | 2506 | 2999 | 3347 | 3813 | 4210 | 4512 | 5028 | 5500 | 5964 | 6440 | 6865 |
| 1278 | 1870 | 2227 | 2510 | 3000 | 3348 | 3836 | 4232 | 4541 | 5046 | 5504 | 5977 | 6444 | 6892 |
| 1315 | 1871 | 2228 | 2511 | 3011 | 3352 | 3838 | 4234 | 4604 | 5053 | 5509 | 5995 | 6476 | 6942 |
| 1349 | 1879 | 2232 | 2522 | 3034 | 3354 | 3890 | 4246 | 4609 | 5059 | 5515 | 5996 | 6499 | 6953 |
| 1414 | 1883 | 2233 | 2536 | 3035 | 3355 | 3897 | 4270 | 4641 | 5061 | 5519 | 6001 | 6506 | 6960 |
| 1434 | 1891 | 2245 | 2538 | 3057 | 3363 | 3902 | 4287 | 4647 | 5075 | 5547 | 6006 | 6539 | 6969 |
| 1440 | 1901 | 2253 | 2596 | 3070 | 3367 | 3903 | 4293 | 4653 | 5076 | 5557 | 6016 | 6540 | 6970 |
| 1481 | 1910 | 2261 | 2600 | 3093 | 3368 | 3913 | 4300 | 4654 | 5085 | 5559 | 6042 | 6562 | 6984 |
| 1485 | 1919 | 2262 | 2615 | 3103 | 3372 | 3930 | 4304 | 4661 | 5102 | 5576 | 6044 | 6582 | 6994 |
| 1493 | 1935 | 2269 | 2633 | 3108 | 3388 | 3935 | 4307 | 4666 | 5104 | 5577 | 6056 | 6584 | 6998 |
| 1517 | 1977 | 2277 | 2639 | 3121 | 3396 | 3937 | 4314 | 4694 | 5116 | 5583 | 6064 | 6587 | 6999 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
MAHARASHTRA NATAL NEW YEAR BUMPER DRAW — सोडत दिनांक 03-01-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर — मालिका 10
पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षिस ₹ 50 लाख (₹ 25 लाखाची 2 बक्षिसे)
दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (₹ 10,000 X 100 बक्षिसे)
नव वर्षाच्या हार्दिक शुभेच्छा
पद्मीनी — सोडत दिनांक 17/12/2024 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagencymah : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# गंभीर बीमारियों से जूझ रहे कैदियों पर बॉम्बे हाईकोर्ट चिंतित

> कहा-उन्हें जमानत दी जाए या नजरबंदी में रखा जाए



**मुंबई.** बॉम्बे हाईकोर्ट ने गंभीर बीमारी से ग्रस्त कैदियों के जेल में बंद रहने पर चिंता जताई। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार से कहा कि वह यह विचार करे कि क्या इन कैदियों को चिकित्सा जमानत दी जाए या उन्हें नजरबंदी में रखा जाए। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने सोमवार को कहा कि वे रविवार को पुणे की यरवदा केंद्रीय कारागार गए थे और वहां के कैदियों खासकर महिलाओं से मुलाकात की और हालात का जायजा लिया। अदालत ने अगस्त 2010 में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई एक सलाहकार रिपोर्ट का उल्लेख किया, जिसमें गंभीर बीमार कैदियों के इलाज की नीति पर चर्चा की गई थी।

सलाहकार रिपोर्ट के अनुसार, कोई भी कैदी जो किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त पाया जाता है, उसे चिकित्सा कारणों से जमानत, पैरोल, फर्लो (अवकाश), या घर में नजरबंदी या परिवार के सदस्यों की निगरानी में रखा जा सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुछ मामलों में, ऐसे कैदियों को जेल में ही विशेष चिकित्सा देखभाल दी जा सकती है।

यह मामला बॉम्बे हाईकोर्ट में अरुण भेलके द्वारा दायर की गई याचिका की सुनवाई के दौरान सामने आया, जिनकी पत्नी कंचन नानावरे के साथ 2014 में गंभीर कानून विरोधी गतिविधियों के तहत गिरफ्तार किया गया था और उन्हें यरवदा जेल में बंद किया गया था। याचिका के अनुसार, नानावरे को 2020 में एक गंभीर बीमारी का पता चला था, लेकिन उन्हें जमानत नहीं दी गई। जब उन्होंने चिकित्सा कारणों से जमानत के लिए हाईकोर्ट का रुख किया, तो उन्हें मेडिकल बोर्ड के पास भेजा गया, जिसने 'हृदय और फेफड़े' का प्रत्यारोपण करने की सिफारिश की।

हालांकि, किसी भी आदेश के पारित होने से पहले ही, जनवरी 2021 में उनकी मृत्यु हो गई, जबकि उन्होंने जेल में लगभग सात साल बिताए थे। इसके बाद उनके पति ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें राज्य से 2010 की सलाहकार रिपोर्ट और महाराष्ट्र प्रिजन (सजा की समीक्षा) नियमों के तहत दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने की मांग की, ताकि भविष्य में कोई और कैदी गंभीर बीमारी के बावजूद कठिनाइयों का सामना न करे।

### अगली सुनवाई जनवरी में होगी

भेलके की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गायत्री सिंह ने अदालत को बताया कि नियमों के तहत जेल अधीक्षक को एक गंभीर रूप से बीमार कैदी को उसके रिश्तेदारों के पास सौंपने का अधिकार होता है, ताकि वह अपने अंतिम दिन अपने परिवार के साथ बिता सके। पीठ ने कहा कि वह याचिका की अगली सुनवाई जनवरी 2025 में करेगा।



# फर्जी मसाज पार्लर में देह व्यापार

**पुणे.** क्राइम ब्रांच ने मसाज पार्लर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने पैसों का लालच देकर युवतियों को वेश्यावृत्ति में धकेलने के आरोप में एक मसाज पार्लर के मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। केस दर्ज कराने वाले मैनेजर का नाम लोकेश राजकुमार पुरी (उम्र 23, निवासी चौधरी वस्ती, खराड़ी) है। इस संबंध में अपराध शाखा के अनैतिक मानव तस्करी विरोधी प्रभाग की सहायक पुलिस अधिकारी छाया जाधव ने खराडी (चंदनगर) पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.

# चाकू की नोंक पर राहगीरों से लूटपाट



**मुंबई.** सड़क से गुजर रहे नागरिकों से लूटपाट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. माटुंगा और एंटॉप हिल पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ जबरन चोरी का मामला दर्ज किया गया है.कोरबा मीठागर में रहने वाली और सब्जी बेचने वाली माला गिरी (50) शनिवार को पंच उद्यान के पारसी अग्यारी इलाके से पैदल जा रही थीं। उस वक्त वहां कोई नहीं था। मौका पाकर कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने गिरि को चाकू से धमकाया और उनसे 25 हजार रुपये ले लिये. ऐसी ही एक घटना सब्जी विक्रेता सोमनाथ लोंढे (43) के साथ घटी।

जब लोंधे पच उद्यान में लेडी जमशेदजी रोड से गुजर रहे थे, तो उन्हें उसी अज्ञात आरोपी ने सड़क पर रोका और चाकू से धमकाया और लोंधे से पांच हजार रुपये वसूल लिए। माटुंगा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने के बाद उपायुक्त रागसुधा आर. उन्होंने मंडल के अपराध अन्वेषण अधिकारियों को आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। तदनुसार, एंटॉप हिल पोलिस ठाणे के सहायक पुलिस निरीक्षक, शिवाजी मदान और उनकी टीम ने खबरी को शामिल किया। तकनीकी जांच और जानकारी की मदद से इस अपराध के मुख्य आरोपी अरबाज शेख उर्फ बाबूलाल (18) को मदना और टीम ने पकड़ लिया. साथ ही अरबाज के अन्य साथियों के बारे में भी माटुंगा पुलिस को जानकारी दी गई. माटुंगा के उप-निरीक्षक संतोष माली और टीम ने जांच की और दो अन्य आरोपियों रफीक सिद्दीकी (20) और फैजान जमादार (22) को गिरफ्तार किया। ये तीनों आम अपराधी हैं और सुनसान जगहों पर राहगीरों को चाकुओं से डराकर लूटपाट करते थे.

# मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास

> एक देश एक चुनाव पर उद्धव ठाकरे ने सरकार को घेरा



**मुंबई.** एक देश एक चुनाव विधेयक को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से लोकसभा में पेश किया गया एक देश एक चुनाव विधेयक देश को परेशान करने वाले मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है। उन्होंने एक देश एक चुनाव प्रस्ताव को लागू करने से पहले चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने की मांग की। उद्धव ठाकरे ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को विधानसभा में चुनाव में किए गए अपने वादे पर अमल करना चाहिए। उसे महिलाओं को लड़की बहन योजना के तहत 2100 रुपये देने चाहिए। उद्धव ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान की सेना के आत्मसमर्पण के बाद दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वाली पेंटिंग को साउथ ब्लॉक स्थित सेना के एनेक्सी से दिल्ली से मानेकशॉ सेंटर में भेजने पर भी केंद्र सरकार को घेरा। उद्धव ने कहा कि पेंटिंग को क्यों स्थानांतरित किया गया। यह भारतीय सैनिकों की बहादुरी का प्रतीक था।

'एक देश, एक चुनाव' विधेयक को मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया गया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विधेयक को सदन के पटल पर रखा। कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से संबंधित प्रस्तावित विधेयक राज्यों की शक्तियों को छीनने वाला नहीं है, बल्कि यह विधेयक पूरी तरह संविधान सम्मत है।

सदन में चर्चा के दौरान कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसे बड़े विपक्षी दलों ने इस विधेयक का विरोध किया। इसके बाद विधेयक को पेश करने के लिए वोट पड़े। विधेयक को पेश किए जाने के पक्ष में 269 वोट, जबकि विरोध में 198 वोट पड़े। इसके बाद विधेयक को जेपीसी में भेज दिया गया। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि यह संविधान के मूल ढांचे पर हमला है तथा देश को तानाशाही की तरफ ले जाने वाला कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा जाना चाहिए।

# आवारा कुत्तों ने बच्चे पर किया जानलेवा हमला

**मुंबई.** मीरा रोड पर एक कुत्ते द्वारा एक बच्चे पर जानलेवा हमला करने की घटना घटी है। इसमें बच्चे का सिर और मुंह गंभीर रूप से जख्मी हो गया और उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है. घायल बालक का नाम दक्ष रावत (8) है। यह घटना सोमवार रात करीब 9 बजे मीरा रोड के पूनम सागर इलाके में हुई. लड़का इसी इलाके में रहता है और रात में अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था, इसी दौरान एक आवारा कुत्ता उसके पीछे पड़ गया. जैसे ही उसने विरोध किया, आवारा कुत्ते ने उसके चेहरे और सिर पर काट लिया। लड़का चिल्लाया और छूट गया। लेकिन तब तक बच्चे के शरीर से खून बहने लगा था। मुंह पर गंभीर चोट लगने के कारण परिजनों ने उसे पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।



डॉक्टर ने उसे प्लास्टिक सर्जरी कराने की सलाह दी है।

मीरा भयंदर शहर में आवारा कुत्तों का आतंक काफी हद तक बढ़ गया है। शहर में करीब 30 हजार आवारा कुत्ते हैं और वे गिरोह बनाकर नागरिकों पर हमला कर रहे हैं। जनवरी माह से अब तक 12 हजार से ज्यादा लोगों को कुत्तों द्वारा काटे जाने की खबर आ चुकी है. इसके मुताबिक, शहर में हर दिन 40 लोगों को कुत्ते काटते हैं और आरोप है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा उठाए गए कदम सिर्फ कागजों पर हैं.

# अंतरराज्यीय बाल तस्करी गिरोह पर कार्रवाई

**मुंबई.**

माटुंगा पुलिस ने अंतरराज्यीय बाल तस्करी गिरोह पर कार्रवाई करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में आठ महिलाएं भी शामिल हैं. आरोपियों को मुंबई, गुजरात और कर्नाटक के इलाके से गिरफ्तार किया गया. इस अपराध में कर्नाटक के एक डॉक्टर और एक नर्स के भी शामिल होने का संदेह है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बचाई गई चार महीने की बच्ची को कर्नाटक के कारवार में एक जोड़े को 5 लाख रुपये में बेच दिया गया था। सुलोचना सुरेश कांबले (45), मीरा राजाराम यादव (40), योगेश भोईर (37), रोशनी घोष (34), संध्या राजपूत (48), मदीना उर्फ मुन्नी इमाम चव्हाण (44), तैनाज़ शाहीन चौहान (19), बेबी मोइनुद्दीन गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तंबोली (50) और मनीषा सनी यादव (32) के रूप



में हुई है। मनीषा यादव बेची गई चार माह की बच्ची की मां है. दादर, दिवा, शिवडी, कल्याण, वडोदरा, कारवार और मिराज में रहने वाले आरोपी शादी की व्यवस्था करने वाले, मरीज की देखभाल करने वाले और अस्पताल की देखभाल करने वाले के रूप में काम करते हैं। इस मामले में बेची गई लड़की की दादी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी.

जब मनीषा यादव को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई, तो उसने वडोदरा में रहने वाली मदीना उर्फ मुन्नी और तैनाज की मदद से कर्नाटक के एक जोड़े को बच्चे को बेचने की बात कबूल की, जिसके लिए उसने पुलिस को बताया कि उसे 1 लाख मिले थे। सर्कल 4 के पुलिस उपायुक्त रागसुधा आर. उनके मार्गदर्शन में माटुंगा और सर्कल 4 के अन्य पुलिस स्टेशनों की एक टीम अपराध की जांच कर रही थी। अन्य महिलाओं को 10,000 से 15,000 रुपये दिए गए थे। गिरफ्तार आरोपियों से जानकारी मिली कि बच्चों को बेचने वाले गिरोह में कारवार के एक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर और एक नर्स शामिल हैं. कारवार से बेची गई 4 महीने की बच्ची को पुलिस ने हिरासत में लिया है. पुलिस का अनुमान है कि इस गिरोह ने अब तक पांच से छह बच्चों को बेचा है. गिरफ्तार आरोपियों को भोईवाड़ा अदालत में पेश किया गया और 19 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और जल्द ही डॉक्टर और नर्स समेत कुछ और लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा.

# कचरा संग्रहण शुल्क वसूलने में देरी की संभावना

> चुनावों के कारण कर वसूली कम



**मुंबई.** मुंबईकरों से कचरा संग्रहण शुल्क वसूलने के निर्णय में देरी होने की संभावना है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत मुंबईकरों पर कचरा संग्रहण शुल्क लगाने की चर्चा पिछले कुछ वर्षों से चल रही है। इस बार ठोस अपशिष्ट विभाग ने यह शुल्क लगाने की तैयारी की थी। इस पृष्ठभूमि में सोमवार को मनपा आयुक्त भूषण गगरानी के समक्ष एक प्रेजेंटेशन भी दिया गया। हालांकि शुल्क वसूलने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। जल्द ही मनपा चुनाव की घोषणा होने की संभावना है और राजनीतिक दलों ने पहले ही कचरा संग्रहण शुल्क का विरोध किया है। नतीजतन, शुल्क वसूलने की संभावना कम है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग ने मुंबईकरों पर कचरा संग्रहण शुल्क लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

हालांकि, इस चर्चा ने राजनीति को गर्म कर दिया है। भले ही शुल्क अभी तक नहीं लगाया गया है, लेकिन सभी राजनीतिक दलों ने इस तरह के कर की वसूली का विरोध करना शुरू कर दिया है। इस पृष्ठभूमि में सोमवार को ठोस अपशिष्ट विभाग ने मनपा आयुक्त भूषण गगरानी के सभाकक्ष में एक प्रेजेंटेशन दिया। हालांकि इस बैठक में कचरा शुल्क लगाने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया। इस बीच, हालांकि इस कर को लगाने के विचार पर चर्चा की जा रही है, लेकिन इसके पीछे मुख्य उद्देश्य राजस्व उत्पन्न करना नहीं है। देश के अधिकांश शहरों में नागरिकों से कचरा शुल्क वसूला जाता है।

# नगर निगम परिवहन में दुर्घटनाओं की संख्या में कमी





**मुंबई.** पिछले कुछ वर्षों में नवी मुंबई महानगरपालिका की परिवहन गतिविधियों में दुर्घटनाओं और मौतों की संख्या में कमी आई है। यह संतोष की बात है। हालांकि, दूसरी ओर, चूंकि महानगरपालिका की परिवहन गतिविधियों में जीसीसी आधार पर संचालित वाहनों पर चालकों की संख्या अधिक है, इसलिए मुंबई में बेस्ट पहल में दुर्घटना के बाद, महानगरपालिका को निजी चालकों के खिलाफ सावधानी बरतने की आवश्यकता व्यक्त की जा रही है। नवी मुंबई महानगरपालिका द्वारा संचालित बसों से पिछले 8 वर्षों में लगभग 1,000 दुर्घटनाएँ हुई हैं, जिसके परिणामस्वरूप अब तक 30 मौतें हुई हैं। हालांकि, पिछले दो वर्षों में दुर्घटनाओं की संख्या में भी कमी आई है। नवी मुंबई महानगरपालिका में बसों की संख्या लगातार बढ़ रही है, और दूसरी ओर, महानगरपालिका डीजल और सीएनजी से चलने वाले वाहनों की संख्या कम करके इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

नवी मुंबई महानगरपालिका की पहल में लगभग 2,800 कर्मचारी हैं। मनपा के स्वामित्व वाली 498 बसों में से लगभग 200 बसों का संचालन जीसीसी सिद्धांत पर ड्राइवरों द्वारा किया जाता है, जो लगभग 60 प्रतिशत या लगभग 540, निश्चित पारिश्रमिक पर है। लेकिन यह देखा जा सकता है कि मनपा अपने प्रशिक्षित ड्राइवरों को उपलब्ध कराती है। नवी मुंबई मनपा की पहल में, बसों को जीपीएस प्रणाली के माध्यम से नियंत्रित किया जाता है। ड्राइवरों को बार-बार चेतावनी दी जाती है और तेज गति से वाहन चलाने और बस की छत छूटने जैसी शिकायतें भी मिलती हैं। इसके लिए मनपा ने शिकायतों के लिए टोल-फ्री नंबर और व्हाट्सएप नंबर उपलब्ध कराए हैं। जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों को बार-बार समझाइश दी जाती है और कार्रवाई की जाती है। मनपा ने 14 अक्टूबर 2024 से महिलाओं को 50 प्रतिशत टिकट रियायत देना शुरू किया। इससे प्रतिदिन यात्रियों की संख्या 1 लाख 80 हजार से बढ़कर 2 लाख 25 हजार हो गई।

# राज कुंद्रा ने बिटकॉइन घोटाले में ईडी पर उठाए सवाल

**मुंबई.** व्यवसायी राज कुंद्रा ने मंगलवार को अमित भारद्वाज के बिटकॉइन घोटाले से संबंधित मामले में उनकी संपत्तियों को जब्त करने पर प्रवर्तन निदेशालय से सवाल किया. कुंद्रा ने कहा कि वह भारद्वाज से तब मिले थे जब वह एक सम्मानित व्यवसायी थे और उन्होंने उन्हें एक इज़राइली दोस्त से मिलवाया था। कुंद्रा ने कहा,"उस परिचय ने मुझे इतना परेशान कर दिया कि मेरी संपत्ति जब्त कर ली गई।

कुंद्रा ने कहा,"अटैचमेंट ऑर्डर में साफ लिखा है कि हमारे पास राज कुंद्रा के पास किसी भी तरह के फंड के जाने का कोई सबूत नहीं है। अमित भारद्वाज नाम का एक क्रिप्टो किंग था, वह एक सम्मानित व्यवसायी था, मैं उससे मिला, उसे बिटकॉइन माइनिंग में बहुत काम करना था और मैं इजरायल में एक दोस्त को जानता था जो इस तकनीक का बहुत बड़ा विशेषज्ञ है। इसलिए मैंने उन दोनों को एक साथ लाया।" उन्होंने अपने खिलाफ जांच में ईडी प्राधिकरण पर सवाल उठाते हुए कहा,"एक ब्रिटिश नागरिक ( राज कुंद्रा ), मैं उनसे ( अमित भारद्वाज ) दुबई में मिला था और वहां एक इजरायली पार्टी थी, तो ईडी इसमें कैसे शामिल है?" कुंद्रा ने आगे उल्लेख किया कि उन्हें छह साल पहले गवाह के रूप में बुलाया गया था और उन्होंने सभी तथ्य उन्होंने उस बिटकॉइन मामले के



संबंध में ईडी द्वारा उनकी संपत्तियों को जब्त करने पर आश्चर्य व्यक्त किया। कुंद्रा ने कहा, "मुझे 6 साल पहले गवाह के तौर पर बुलाया गया था और पूछा गया था कि क्या तुम्हारा अमित भारद्वाज से कोई लेन-देन है। मैं 6 बार वहां गया, मैंने गवाह के तौर पर सभी तथ्य बताए... फिर 2024 में बिना किसी सूचना के मेरी सारी संपत्ति जब्त कर ली गई, मुझे यह समझ में नहीं आया। उन्होंने मुझे फिर से बुलाया और वही पूछा जो उन्होंने 6 साल पहले पूछा था, अब हम क्या कर सकते हैं? हम इसे कोर्ट में लड़ेंगे और जीतेंगे।" इस साल अप्रैल में ईडी ने राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी की 97.79 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी और आरोप लगाया था कि उन्होंने बिटकॉइन के रूप में भारी मात्रा में धन एकत्र किया था। साथ ही, उन्होंने बिटकॉइन के रूप में जनता से 10 प्रतिशत रिटर्न का झूठा वादा किया था। ईडी ने खुलासा किया कि राज कुंद्रा को गेन बिटकॉइन पोंजी घोटाले के मास्टरमाइंड अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन मिले थे । कुंद्रा के पास अभी भी ये 285 बिटकॉइन हैं, जिनकी कीमत वर्तमान में 150 करोड़ रुपये है।

# 25 जनवरी से फिर अनिश्चितकालीन अनशन करेंगे मनोज जरांगे

> सरकार पर मराठा आरक्षण को लेकर बनाएंगे दबाव

**मुंबई.**

सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को घोषणा की कि वह 25 जनवरी, 2025 से मराठा समुदाय के लिए ओबीसी श्रेणी में नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे। उन्होंने मराठा समुदाय के लोगों से अपील की कि वे विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल हों और घर पर न रहें।

मनोज जरांगे की मुख्य मांग यह है कि कुनबी समुदाय को मराठाओं के 'सेज सोयारे' के तहत मान्यता मिले, जिससे उन्हें ओबीसी श्रेणी में आरक्षण मिल सके। इससे पहले ही कृषि कुनबी समुदाय को ओबीसी श्रेणी में आरक्षण मिल रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि उसने मराठा समुदाय से किए गए वादे पूरे नहीं किए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती, तो वे विरोध जारी रखेंगे। फरवरी में, महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का एक विधेयक पारित किया था, लेकिन जरांगे ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

### मराठा समुदाय के लोग ओबीसी कोटे का लाभ उठा सकें

जरांगे ने यह भी कहा कि इस अनशन में भाग लेने के लिए कोई भी मराठा समुदाय का सदस्य स्वेच्छा से शामिल हो सकता है। इसके अलावा, उन्होंने सरकार से यह भी कहा कि कुनबी प्रमाणपत्र देने की प्रक्रिया को तेज किया जाए, ताकि मराठा समुदाय के लोग ओबीसी कोटे का लाभ उठा सकें।

## आज का राशिफल

मेष - जातकों के लिए कल दिन इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा. आपको अपने घरेलू कामों पर पूरा ध्यान देना होगा.

वृषभ - जातकों के लिए दिन आनंदमय रहने वाला है. आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी. आप अपने फिजूल के खर्चों को बढ़ा सकते हैं.

मिथुन- जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा. आपके घर किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा.

कर्क -दिन व्यस्तता भरा रहने वाला है. आप अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाएंगे और किसी से यदि कोई कर्ज लिया था, तो उसे भी उतारने में सफल रहेंगे.

सिंह - शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा. यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आप अवश्य करें.

कन्या - जातकों के लिए दिन रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने वाला रहेगा. आपकी कला कौशल में सुधार आएगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा.

तुला -आज दिन सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा. आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी.

वृश्चिक - आज कल दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. बच्चों के साथ आप समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे.

धनु -जातकों की नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी. आप अपने आवश्यक कामों को कल पर टालने की कोशिश ना करें. यदि आपने धन संचय करने का सोचा था

मकर -जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको पारिवारिक मुद्दों में ढील देने से बचना होगा.

कुंभ -आज दिन मिला-जुला रहने वाला है. आपको यदि कोई शारीरिक कष्ट लंबे समय से चल रहा था, तो उसमें भी काफी हद तक राहत मिलेगी.

मीन -आज दिन मेहनत से काम करने के लिए रहेगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा. साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा.

# ऑफिसर के खिलाफ रिश्वत मांगने का मामला दर्ज

**धुले.** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधिकारियों ने नासिक के सिटी लैंड सर्वे ऑफिसर सहित एक निजी व्यक्ति के खिलाफ रुपये की रिश्वत मांगने का मामला दर्ज किया है. शिकायतकर्ता और अन्य सह-हिस्सेदारों के पक्ष में मालेगांव के इस्लामपुरा में जमीन का एक भूखंड है। शिकायतकर्ता ने अनुरोध किया था कि इस भूखंड के उप-हिस्सेदारी की गणना कर सभी सह-खातेदारों के नाम अलग-अलग दर्ज किये जायें। पंढरीनाथ चौधरी (50, निवासी राजकमल रो हाउस, ओंकार नांगर, पेथरोड, नासिक) ने इस काम को पूरा करने के लिए 21 और 22 अक्टूबर को 10 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। इसके चलते संबंधित ने भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने जब इस शिकायत का सत्यापन किया तो प्रथम दृष्टया पता चला कि पंढरीनाथ चौधरी ने 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी. निजी व्यक्ति अंसारी महमूद शफी 72, निवासी। मालेगांव) ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने इस रिश्वत राशि के भुगतान को प्रोत्साहित किया। इसके चलते दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. जांच अधिकारी सचिन सालुंखे ने भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के नासिक परीक्षा प्रभाग की अधीक्षक और धुले से उपाधीक्षक शर्मिष्ठा घरगे-वालावलकर के मार्गदर्शन में ट्रैप टीम के राजन कदम, सुधीर मोरे, रामदास बारेला की मदद से यह कार्रवाई की। मालेगांव कैंप पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

**उपविभागीय अधिकारी तथा दंडाधिकारी, नागपूर शहर यांचे कार्यालय, जिल्हा नागपूर.**
Email : sdonagpur@gmail.com Phone No. 0712-2560048
क्र. अका/प्रस्तुत/उविदं/नागश/कावि. ७८९/२०२४
दिनांक ३१/०५/२०२४

**वाचा : १)** जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, **२)** जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, **३)** भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, **४)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे कडील आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/२०२३, **५) रफिक इनायत बेग वल्द इनायत बेग,** वय ६४ वर्ष यांचा अर्ज दिनांक ०६/०३/२०२४.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **रफिक इनायत बेग वल्द इनायत बेग,** वय ६४ वर्ष, रा. घर मोहम्मद फारूक एम आई कोलडेपो मोमीनपुरा नागपूर यांनी स्वतःच्या **जन्माची** नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदरहू अर्जदार यांचा जन्म दिनांक ०१/०१/१९५८ रोजी घर मोहम्मद फारूक एम आई कोलडेपो मोमीनपुरा नागपूर येथे राहत्या घरी झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी उपविभागीय दंडाधिकारी नागपुर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २ नुसार व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृहचौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह उपविभागीय दंडाधिकारी, नागपुर शहर यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का **उपविभागीय दंडाधिकारी नागपूर शहर करिता.**
Prasanna Publicity 09326927622

**कार्यकारी दंडाधिकारी तथा नायब तहसिलदार, उपविभागीय कार्यालय नागपूर शहर यांचे कार्यालय, नागपूर शहर**
Email : sdonagpur@gmail.com Phone No. 0712-2560048
क्र. अका/प्रस्तुत/उविदं/नागश/कावि. १०१७/२०२४
दिनांक १२/१२/२०२४

**वाचा : १)** जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, **२)** जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, **३)** भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, **४)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे कडील आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/२०२३, **५) अशोकदीप प्रबुध्द भोंगाडे,** वय **४१** वर्ष यांचा अर्ज दिनांक ०६/१२/२०२४.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **अशोकदीप प्रबुध्द भोंगाडे,** वय **४१** वर्ष, रा. प्लॉट नं. ६१, गीता नगर, मानेवाडा बेसा रोड, नागपूर यांनी **स्वतःच्या जन्माची** नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदरहू अर्जदार यांचा **जन्म दिनांक १२/०२/१९८३** रोजी इंदिरा गांधी मेडीकल कॉलेज नागपूर येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी कार्यकारी दंडाधिकारी, तथा नायाब तहसिलदार नागपुर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २ नुसार व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह उपविभागीय दंडाधिकारी, नागपुर शहर यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का **कार्यकारी दंडाधिकारी तथा नायब तहसिलदार.**
Prasanna Publicity 09326927622

**कोर्ट विद्यमान सुनिल साळवे नायब तसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर शहर, यांचे कार्यालय, जिल्हा नागपूर.**
Email- www.tahsildarngpcity@gmail.com Phone No. 0712-2561975
क.ली/प्रस्तु-२/तह.नाग.(शहर)/प्र.क्र. २३०/कावि- /२०२४
दिनांक ०९/१०/२०२४

**वाचा : १)** जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, **२)** जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, **३)** भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, **४)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे कडील आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/२०२३, दि. १५/१०/२०२३, **५)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे आदेश क्र. अका/डी-१/ जन्म-मृत्यु आदेश/कावि- १५८/२०२४ दि. ११/०५/ २०२४, **६) नुरजहा बेगम हुसैन अली,** वय ५४, धंदा- गृहीणी, रा. बडा ताजबाग, तोहीद नगर, एच.पी. गॅस गोडाउन जवळ, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक २५/०९/२०२४.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **नुरजहा बेगम हुसैन अली,** वय ५४, धंदा- गृहीणी, रा. बडा ताजबाग, तोहीद नगर, एच.पी. गॅस गोडाउन जवळ, नागपूर यांनी स्वतःच्या **जन्माची** नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदरहू नामे **नुरजहा बेगम हुसैन अली** यांचा **जन्म दिनांक २०/०९/१९७१** रोजी **मेडीकल कॉलेज अॅन्ड हॉस्पीटल** येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २,३,४ व ५ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृहचौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर शहर यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **एक महिन्याच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का **(सुनील साळवे) नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर**
Prasanna Publicity 09326927622

**कार्यकारी दंडाधिकारी तथा नायब तहसिलदार, उपविभागीय कार्यालय नागपूर शहर यांचे कार्यालय, नागपूर शहर**
Email : sdonagpur@gmail.com Phone No. 0712-2560048
क्र. अका/प्रस्तुत/उविदं/नागश/कावि. ९२४/२०२४
दिनांक ३०/०८/२०२४

**वाचा : १)** जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, **२)** जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, **३)** भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, **४)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे कडील आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/२०२३, **५) शाजीया तबस्सुम शाहीद अहमद खान,** वय **३५** वर्ष यांचा अर्ज दिनांक ०५/०७/२०२४.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **शाजीया तबस्सुम शाहीद अहमद खान,** वय **३५** वर्ष, रा. पार्वती नगर, बाराखोली भगवान नगर, नागपूर यांनी मुलीच्या **जन्माची** नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदरहू अर्जदार यांनी त्यांची मुलगी नामे **शीजा शफक खान** यांचा **जन्म दिनांक २३/०५/२००७** रोजी **मेडीकल हॉस्पिटल नागपूर** येथे राहत्या घरी झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी कार्यकारी दंडाधिकारी, तथा नायब तहसिलदार नागपुर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २ नुसार व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह उपविभागीय दंडाधिकारी, नागपुर शहर यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का **कार्यकारी दंडाधिकारी तथा नायब तहसिलदार.**
Prasanna Publicity 09326927622

## सुविचार

जीवन में शक्ति के साथ ज्ञान भी ज़रूरी है
बिना ज्ञान के हर चीज में नहीं जीता जाता

## संपादकीय

# महाराष्ट्र में मंत्रियों का शपथ ग्रहण

❐ विशाल बहुमत से शानदार जीत दर्ज करने के बावजूद महाराष्ट्र की महायुति सरकार जिस धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है, उसे सतर्कता कहा जाए या बहुमत का बोझ, यह तय करना फिलहाल मुश्किल है। 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आने के 12 दिन बाद देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री पद की शपथ ले पाए और उसके भी दस दिन बाद 15 दिसंबर को मंत्रियों का शपथ ग्रहण हो सका। विभागों का बंटवारा होना अभी भी बाकी है।

वैसे मौजूदा सरकार के स्वरूप पर गौर करें तो यह स्थिति ज्यादा अस्वाभाविक नहीं लगती। भले ही शिवसेना और एनसीपी से अलग हुए धड़ों के साथ बीजेपी की सरकार करीब ढाई साल कामयाबी से चली। फिर चुनाव में राज्य के वोटरों ने भी इस अलायंस पर सहमति की मुहर लगा दी। लेकिन इस जीत के बाद महायुति के आंतरिक समीकरण में बुनियादी अंतर आ गया है। विधायकों की संख्या चाहे कम ज्यादा रही हो, पहले एकनाथ शिंदे इसके सर्वमान्य नेता थे। अब सबसे बड़ी पार्टी का नेता होने के बावजूद इस सत्तारूढ़ गठबंधन के अंदर देवेंद्र फडणवीस की सहज सर्वोच्चता स्थापित होने में थोड़ा वक्त लग सकता है।

शायद यही वजह है कि शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे के लिए इस गठबंधन में अपनी दूसरे नंबर की हैसियत को पचाना और अपने समर्थकों से स्वीकार कराना मुश्किल हो रहा है। उपमुख्यमंत्री पद के लिए वह जैसे-तैसे राजी हुए तो मंत्रियों की कम संख्या का सवाल आड़े आया और अब विभागों के बंटवारे को लेकर आखिरी पलों तक रस्साकशी होनी है।

तीनों पार्टियों में चल रही इस असामान्य रस्साकशी का एक रूप कहिए या विधायकों की बढ़ी हुई संख्या का दबाव, शायद पहली बार महाराष्ट्र में मंत्रियों के लिए ढाई साल के कार्यकाल का फॉर्म्युला सामने लाया गया। राजनीतिक मजबूरियों के बीच रास्ता निकालने की कला के तौर पर निश्चित रूप से यह अच्छा कदम है। हो सकता है इससे मंत्रियों पर बेहतर काम करने का दबाव भी रहे। लेकिन संसदीय लोकतंत्र में मंत्रिमंडल सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत के तहत काम करता है। ऐसे में सार्वजनिक तौर पर मंत्रियों को नाकाम करार दिए जाने को लेकर यह खुलापन भी सवालों से परे नहीं है। बहरहाल, लोकतंत्र नई चुनौतियों के नए हल निकालते हुए ही आगे बढ़ता है। ऐसे में महाराष्ट्र की नई सरकार को लेकर भी अभी से फैसले सुनाना सही नहीं होगा। तमाम राजनीतिक मजबूरियों के बीच भी फडणवीस सरकार को स्थिरता और कामकाज की दो सबसे बड़ी कसौटियों पर ही खुद को साबित करना है और भूलना नहीं चाहिए कि महाराष्ट्र ने उस पर अपनी उम्मीदें टिका रखी हैं।



# वन नेशन-वन इलेक्शन: क्या जनता के संवैधानिक अधिकारों पर अतिक्रमण है?

**पन्ना लाल**

❐ दुनिया में भारत का लोकतंत्र नजीर क्यों है? हिंदुस्तान में शासन की लोकतांत्रिक प्रणाली सफल क्यों रही? यूं तो इस प्रश्न के कई जवाब हो सकते हैं लेकिन एक जो सबसे अहम फैक्टर है वो है हमारा चुनाव. इलेक्शन जनभागीदारी का मजबूत और व्यापक माध्यम है. ये हमारे लिए वरदान सरीखा ही है कि चुनाव की इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए हमारे संविधान निर्माताओं ने भारत के नागरिकों पर कम से कम फिल्टर लगाए. चुनाव वो प्लेटफॉर्म है जिसके जरिये भारत का नागरिक वोट के अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग कर सरकारें चुनता या बदलता है. चुनाव में शामिल होकर वो अपना गुस्सा, खीज, संतोष या प्रशंसा जाहिर कर सकता है. चुनाव उसके राजनीतिक विवेक की अभिव्यक्ति है. चुनाव



उसके संवैधानिक इकाई होने का सबूत है. इसके जरिये वह देश के लोकतंत्र से खुद को कनेक्ट करता है. इलेक्शन लोकतंत्र में भागीदारी का सबसे मजबूत, भरोसेमंद, विश्वसनीय और जवाबदेह प्लेटफॉर्म है. चुनाव में जनता की भागीदारी का अधिकार संविधान द्वारा गारंटीड है. चाहे चुनाव लड़ने के मानक हों या फिर वोट देने की योग्यता- हमारे संविधान निर्माताओं ने संजीदगी का परिचय दिया और अनपढ़, गरीब जनता के लिए चुनाव की प्रक्रिया में भागदारी के लिए कम से कम शर्तें/अहर्ता रखीं. संविधान का अनुच्छेद 326 लोकसभा एवं राज्य के विधानसभाओं में होने वाले चुनाव से संबंधित है. इस अनुच्छेद की व्यवस्था है कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव सार्वभौम व्यस्क मताधिकार के आधार पर होंगे. इसका अर्थ यह है कि देश में एक व्यक्ति, एक मत की नीति है. 18 वर्ष के व्यक्ति मत डालने के अधिकारी होंगे और सभी मतदाताओं के मत का महत्व समान होगा, इसमें जाति, धर्म, लिंग, भाषा, क्षेत्र या सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा. इसी तरह चुनाव लड़ने के लिए भी संविधान में बेहद मामूली अहर्ताएं हैं. जैसे वह भारत का नागरिक हो, उम्र 25 वर्ष से कम न हो, किसी अपराध में दोषी न हो और उसे दिवालिया घोषित न किया गया हो (अनुच्छेद 84,173). बस इतना ही. न शिक्षा की बाध्यता, न धन का बंधन. संविधान लिखने वाले चाहते थे कि भारत का हर एक नागरिक इस प्रक्रिया से जुड़े. इससे उसके अंदर जिम्मेदारी और अधिकार दोनों का बोध पनपने वाला था. इसमें कोई शक नहीं कि संविधान बनाने वालों का ये दर्शन अपने उद्देश्य में सफल रहा.

सन् 1975 की घटना को छोड़ दें तो 75 सालों का भारत का संवैधानिक इतिहास हमारे लोकतंत्र की सफलता का दस्तावेज है. वर्ना दक्षिण एशिया में कई प्रजातंत्रों को सैन्य बूटों ने कुचल दिया है.सवाल किया जा सकता है कि मोदी सरकार देश के चुनाव को एक साथ करवाने की कोशिश कर रही है तो इसमें जनता की लोकतंत्र में भागीदारी कैसे प्रभावित होगी? इसके लिए इतिहास के उस दौर को याद करना जरूरी है जब संविधान सभा में चुनाव और चुनाव आयोग पर बहस हो रही थी. 15 जून 1949 को डॉ. बीआर ऑम्बेडकर ने अनुच्छेद 289 को संविधान सभा में पेश किया. ये अनुच्छेद चुनाव आयोग के गठन से जुड़ा है और वर्तमान संविधान में अनुच्छेद 324 के रूप में मौजूद है.डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में कहा था कि ड्राफ्टिंग कमेटी प्रस्ताव रखती है कि चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त का पद स्थायी होगा ताकि चुनाव के लिए जरूरी मशीनरी ढांचा हमेशा के लिए उपलब्ध हो. आंबेडकर आगे कहते हैं- 'सामान्य तौर पर चुनाव पांच साल के अंत में हुआ करेंगे.'हालांकि आंबेडकर संविधान निर्माता होने के नाते बाई-इलेक्शन, विधानसभा भंग होने जैसी आने वाली परिस्थितियों का पहले ही आकलन कर चुके थे.

## कहानी

# बारह कब बजेंगे?

**मो. अहमद खान**

❐ ''अम्मी जान,भूख लगी है।''राशिद मियां सुबह से तीसरी बार बावर्चीखाने का चक्कर लगाने पहुंचे थे। 'बेटे,अभी-अभी तो आपने नाश्ता किया है, इतनी जल्दी फिर भूख लग आई?'' अम्मी बोलीं, ''बार-बार खाने से हाजमा खराब हो जाता है। जाइए, बाग में खेल आइए।'दस बज रहे थे और कोठी में अभी नाश्ते का दौर खत्म नहीं हुआ था। यह रोज की बात थी। फजिर की नमाज से लेकर दस-ग्यारह बजे तक बावर्चीखाने में किसी के लिये चाय, किसी के लिये आलू के पराठे, किसी के लिये उबले चने और किसी के लिये आमलेट बनते रहते थे। पूरे सहन में तरह-तरह की खुशबुएं तैरती रहतीं।

बस, यही खुशबुएं राशिद मियां को बेचैन कर देतीं। उबले चनों में तली प्याज और मसाले की बघार लगी कि राशिद मियां चौखट पर हाजिर।राशिद मियां का स्कूल जाना अभी शुरू नहीं हुआ था। भाई-बहन सुबह-सुबह स्कूल चले जाते। ये बेचारे बडी-सी कोठी में सुनहरे काम वाला कुर्ता पहने इधर से उधर भटका करते। कभी बाग में माली के साथ गुलाबों में पानी देने पहुंच जाते, तो कभी नौकरानी के पास बैठकर देव और शहजादी वाली कहानियां सुनते। पर वक्त था कि काटे नहीं कटता। ऊपर से हवा में तैरती खुशबुएं। राशिद मियां भूख से बेचैन हो उठते।पर अम्मी ठहरीं पाबंद औरत। दादी की सफाई पसंदगी की वजह से बावर्चीखाने की कमान उन्हीं के हाथ में थी। नौकरानी होती तो राशिद मियां धमका भी लेते। पर अम्मीजान तो कायदे-कानून की सख्त पाबंद थीं। घर में भी अदबो-आदाब का ऐसा माहौल था कि जिद करना बहुत बड़ी नाफरमानी मानी जाती थी।लेकिन एक दिन जब पिसे हुए मेवों के हरीरे को देसी घी की छौंक दी गई तो राशिद मियां मचल उठे। सीधे बावर्चीखाने में पहुंचकर बोले, ''मैं भी खाऊंगा।''

अम्मीजान को हंसी आ गई, ''नहीं बेटे,यह चचाजान के लिये है।''मेरे लिए क्यों नहीं?''बेटे, आप चचाजान की तरह कसरत नहीं करते हैं इसलिये। आप खाएंगे तो नुकसान करेगा। दस्त लग जाएंगे।' लेकिन मुझे भूख लगी है। आखिरकार अम्मीजान और राशिद मियां के बीच एक समझौता हुआ। तय किया गया कि बारह बजे के बाद राशिद मियां को इंतजार नहीं करना पड़ेगा। ठीक बारह बजे उनका दस्तरखवान लग जाएगा।पर बारह कब बजेंगे यह जानना राशिद मियां के लिये टेढ़ी खीर थी। खैर इसका भी हल निकाला गया। अम्मीजान ने घड़ी दिखाते हुए बताया, ''ये जो मोटी-मोटी दो सुइयां हैं,जब एक सीध में आ जाएंगी तब बारह बज जाएंगें।''काम बहुत सब्र का था पर राशिद मियां राजी हो गए- मरते क्या न करते।अब राशिद मियां खिड़की से बाहर झांकना भूल गए। बाग में जाकर पानी देने और किस्से-कहानी सुनने का मजा भी जाता रहा। दीवान पर लेटकर एकटक घड़ी की ओर देखने लगे।अम्मीजान ने देखा तो हंस पडीं, ''अरे बेटा,अभी बारह बजने में काफी देर है, जाइए जाकर खेलकूद आइए।''राशिद मियां को लगा कि सुइयां सचमुच बहुत धीरे-धीरे खिसक रही हैं। उन्होंने बेमन से खिड़की की ओर कदम बढ़ा दिए। पर दो-एक पलों में फिर झांकने दौड़े आए कि बारह न बज गए हों। हर दो-चार मिनट के बाद राशिद मियां घड़ी के दीदार कर जाते। घड़ी की सुइयां अब कुछ-कुछ मंजिल के करीब पहुंचने लगीं थीं।

तभी बाहर से डुगडुगी का शोर आया। मदारी था। राशिद मियां लपक कर खिड़की पर चढ गए और उसके चौड़े आसार पर एक ओर टेक लगाकर बैठ गए। बंदर-बंदरिया के करतब देखकर राशिद मियां को बड़ा मजा आया। मायके जाती बंदरिया को जब बंदर उछल-कूदकर रिझाता तो राशिद मियां खूब तालियां बजाते। पर जब बंदर ने हाथ में कटोरा लेकर पैसे मांगने शुरू किए तो वे डरकर भाग छूटे। राशिद मियां वहीं निढाल होकर बैठ गए। भूख के मारे चला नहीं जा रहा था। चेहरे पर हवाइयां उड रही थीं। थकन से आंखें बार-बार झपक जा रही थीं, पर वे हर बार संभल कर बैठ जाते कि आंख लग गई और इस बीच कहीं बारह बज गए तो ? लेकिन ये बारह आखिर बजेंगे कब ? राशिद मियां का सब्र जवाब देने लगा था। आखिरकार जब बर्दाश्त के बाहर हो गया तो अम्मीजान के पास जा पहुंचे। अम्मीजान पानदान खोले जल्दी-जल्दी छालियां कतर रही थीं। बैठक में अब्बूजान के मेहमान बैठे हुए थे। उन्हें पान पहुंचाने थे।राशिद मियां थोडी देर खडे रहे। पर अम्मीजान ने उनकी ओर ध्यान नहीं दिया,वह जल्दी-जल्दी पान लगाने में जुटी रहीं।

अम्मीजान, बारह कब बजेंगे। बहुत जोर की भख लगी है,''राशिद मियां बडे कातर स्वर में बोले।अम्मीजान ने घड़ी की ओर नजर दौड़ाई तो हक्का-बक्का रह गईं। उन्होंने लपककर राशिद मियां को गोद में भींच लिया।मेरे लाल 'अम्मीजान का गला भर्रा गया और आंखें छलछला आईं, ''मुझसे इतनी बड़ी भूल हो गई। मसरूफियत में मुझे आपका ख्याल न रहा। बारह बजे तो डेढ़ घंटे हो गए।'' अम्मीजान बार-बार राशिद मियां को चूमती जा रही थीं और आंसू बहाती जा रही थीं। राशिद मियां कुछ समझ नहीं पा रहे थे,बस इतना इत्मीनान था कि अब खाना मिलने जा रहा है।

## लघुकथा

# पछतावा

**पद्मा मिश्रा**

❐ सुनंदा सारे घर में हैरान परेशान सी घूम रही थी,,घर के सारे सामान को उलट पुलट करती, तकिये, रजाई, गद्दों के नीचे ढूंढ ढूंढ़ कर थक चुकी थी,उसकी डिजाइनर चेन जो उसने जयपुर से बहुत शौक से खरीदी थी -कहीं खो गई थी, बहुत कीमती तो नहीं थी लेकिन मोतियों,पत्थरों से बहुत सुंदर काम किया हुआ था,जो उसकी बेटी प्रिया को भी बहुत पसंद था,उसके बार बार मांगने पर भी सुनंदा दे न सकी थी ''बच्चों को सोने के गहने नहीं अपना मनपसंद गहना वह संभल कर अपनी आँखों के सामने ड्रेसिंग टेबल पर ही रखती थी, यद्यपि उसके मन में अपनी नौकरानी पूजा के प्रति शंका तो हो रही थी, लेकिन बिना किसी सुबूत उससे पूछ भी तो नहीं सकती थी,हाँ ,कई बार पूजा को ड्रेसिंग टेबल पर राखी चेन को उठकर निहारते हुए उसे देखा जरूर था,शीशे में खुद को निहार वह कितनी खुश हो जाती थी, सुनंदा से भी यह बात छिपी नहीं थी,'मैडम!,,यह हार? कितने का है?,हम भी खरीदेगा' उस मासूम आदिवासी बालिका की चाहत उसे पाने की आकांक्षा उसकी आँखों से साफ साफ झलकती थी,और यही बात उसे शक के घेरे में भी डाल रही थी. बहुत परेशान और निराश होकर सुनंदा ने आख़िरकार पूछ ही लिया. 'पूजा,तुमने मेरी चेन कहीं देखी है? 'नहीं तो' साधारण सा जवाब देकर वह अपने काम में व्यस्त हो गई,उसकी उपेक्षा देखकर सुनंदा का पारा चढ़ गया,कुछ तेज आवाज में बोल पड़ी ''झूठ मत बोलो,तुम बार बार उसे उठाकर नहीं देखती थी?,,उसे खरीदने की बात कर रही थी,आखिर मौका देखकर चुरा ही लिया न ?' पूजा की आँखों में मोटे मोटे आंसू छलक उठे,नहीं मैडम,हमने नहीं चुराया,आपने ही कहीं और रख दिया होगा '' वह बेचैन थी अपने ऊपर चोरी का आरोप सुनकर,,सुनंदा उसे डांटती रही चेन वापस करने को कहती रही लेकिन पूजा सिर्फ रोती जा रही थी. दूसरे दिन पूजा नहीं आई सुनंदा निराश थी.

परसों उसकी बेटी हास्टल चली गई थी और इस चोरी की उलझन में वह उसे फोन भी नहीं कर स्की -विपिन जब प्रिया को हास्टल पहुंचाकर लौटेंगे तो वह क्या जवाब देगी?,उसने बेमन से चाय बनाकर पी ,और मायूस हो सोफे पर बैठ गई थी. तभी उसका मोबाईल बज उठा-प्रिया ने व्हाट्स एप पर अपनी तस्वीर भेजी थी जो उसने वार्षिक समारोह में खींची थी ,उसके गले में वाही सुंदर सी चेन चमचमा रही थी जो सुनंदा ने जयपुर से खरीदी थी ,जो चोरी हो गई थी.

## धर्म

# दर्श अमावस्या के दिन करें ये खास उपाय



❍ दर्श अमावस्या हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण दिन है, जब पितरों का श्राद्ध किया जाता है. इस दिन खान-पान से जुड़े कुछ खास उपाय बताए जाते हैं, जिनके करने से पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में आने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलता है. इस दिन पितरों को जल, तिल, कुशा और भोजन अर्पित किया जाता है. ऐसा करने से पितृ प्रसन्न होते हैं और अपने वंश पर आशीर्वाद बरसाते हैं. पितृ ऋण से मुक्ति पाने के लिए दर्श अमावस्या का विशेष महत्व है. दर्श अमावस्या के बाद नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ माना जाता है. पंचांग के अनुसार, पौष माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 30 दिसंबर को सुबह 04 बजकर 01 मिनट पर शुरू होगी और 31 दिसंबर को सुबह 03 बजकर 56 मिनट पर समाप्त होगा. उदया तिथि को देखते हुए 30 दिसंबर को दर्श अमावस्या मनाई जाएगी. दर्श अमावस्या के दिन करें ये उपाय, दर्श अमावस्या के दिन लोगों को सात्विक भोजन करना चाहिए, जैसे कि दाल, चावल, रोटी, सब्जियां, फल और दूध. तिल को पितरों का प्रिय भोजन माना जाता है. इसलिए, इस दिन तिल के लड्डू या तिल का हलवा बनाकर ग्रहण करना शुभ होता है. काले चने को भी पितरों को अर्पित किया जाता है. आप काले चने की दाल या काले चने की सब्जी बनाकर खा सकते हैं. शहद को भी पितरों का प्रिय भोजन माना जाता है. आप शहद को दूध में मिलाकर पी सकते हैं या दही में मिलाकर खा सकते हैं. मिठाई को भी पितरों को अर्पित किया जाता है. आप मोतीचूर के लड्डू, गुलाब जामुन या अन्य कोई मिठाई बनाकर खा सकते हैं.लहसुन और प्याज को तामसिक भोजन माना जाता है. इसलिए, इस दिन इनका सेवन नहीं करना चाहिए. साथ ही अंडे का सेवन भी इस दिन वर्जित है. शराब का सेवन किसी भी दिन वर्जित है, लेकिन दर्श अमावस्या के दिन विशेष रूप से बचना चाहिए. पितरों को भोजन केले के पत्ते पर परोसना चाहिए और भोजन में तिल अवश्य मिलाएं. भोजन को कुशा की घास से छुएं. भोजन पर गंगाजल छिड़कें. दर्श अमावस्या के दिन दान करना बहुत शुभ होता है. आप गरीबों को भोजन, कपड़े या धन दान कर सकते हैं. इस दिन पितरों के नाम का जाप करना चाहिए. यदि आपके परिवार में श्राद्ध करने की परंपरा है, तो आप श्राद्ध कर्म करवा सकते हैं.

## आलेख

# संस्कारों से बनता है परिवार

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**

❍ पति-पत्नि और बच्चों से पूर्ण भी परिवार का अर्थ अब अपना अस्तित्व खोता दिखाई पड़ रहा है। अनेक रिश्तों के बीच अपनी मिठी यादें रखने वाला परिवार स्वार्थ की मोटी दीवारों के बीच दम तोड़ रहा है। माता-पिता, भाई-बहन, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, दादा-दादी और इन्हीं रिश्तों की अन्य उप कड़ियों से मिलकर बनी एक बड़ी जंजीर अब छोटे छोटे टुकड़ों में विभक्त हो चली है। बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण दादा-दादी से दूर रहने के कारण नहीं हो पा रहा है। न ही रिश्तों की समझ बच्चों में जन्म ले पा रही है। वे तो यही मान रहे है कि उनके रिश्ते माता-पिता और भाई-बहनों तक ही सीमित है। विभिन्न आयोजनों पर एकत्र होने की दशा में परिचय का दौर ऐसे चलता है मानों कोई अनजान व्यक्ति का प्रोफाईल बच्चों को बताया जा रहा हो। दादा-दादी और नानी-नानी के प्यार से बड़ा रिश्ता दुनिया में



दूसरा नहीं हो सकता। बावजूद इसके उक्त रिश्ते परिवार में अहमियत नहीं रख पा रहे है। हमारी तथा हमारे से पूर्व कुछ पीढ़ियों ने परिवार के भेद समाज के सामने लाये है, जिन्हें देख हमारे पूर्वज और अब हमारे माता-पिता की ही रूहें कांप उठती है।

जब से 21वीं शताब्दी की पीढ़ी ने स्वतंत्र जीवन की सोच को अंजाम देना शुरू किया है, तभी से एक नई विकृति नहीं जन्म लिया है। माता-पिता के साथ अनन्य मधुर संबंध के तार जो जोड़ने वाली कड़ी चरमरा कर टूट गयी और परिवार का अर्थ तीन अथवा चार सदस्यों तक सीमित होकर रह गया। केवल अपने बच्चे और पति-पत्नी के सुखी जीवन की सोच ने अपने ही माता-पिता को दूर कर दिया। एकल परिवार में रहकर अपना जीवन सुख और आनंद के साथ चलाने की गलत धारणा ने ही बच्चों को संस्कारों से दूर कर दिया है। पति-पत्नी का नौकरीशुदा होना इस मामले में और भी कष्टदायी हो रहा है। एक साथ रहते हुए बच्चों की उदंडता को न संभाल पाने वाले एक परिवार के मुखिया के लिये यह 'एक तो करेला दूजा नीम चढ़ा' वाली कहावत से कम दिखाई नहीं पड़ रहा है। एकल परिवार में रहकर बच्चे जहां बुजुर्गों का प्यार खो रहे है, वहीं उन्हें संस्कारों से जोड़ने वालों का साथ न मिलने से सामाजिक रीति रिवाज एवं आचार, व्यवहार का शिक्षा भी नहीं मिल पा रही है।

परिणाम स्वरूप 'मैं और मेरा परिवार' ही उनका एकमात्र सूत्र वाक्य बनकर रह गया है। यही बच्चे बड़े होकर वैवाहिक बंधन में बंधने के बाद ठीक उसी प्रकार अपने माता-पिता को बुढ़ापे की संझा में छोड़कर अपने में मस्त हो रहे है, जैसे कभी उनके माता पिता ने अपनों के साथ किया था। इस प्रकार की चली आ रही परिपाती में एक नई कहावत को चरितार्थ किया है- हिंदुस्तान एक ऐसा राष्ट्र है जो वैश्विक स्तर पर हर क्षेत्र में अपने होने का अहसास कराता रहा है। त्यौहार और दिवसों के माध्यम से भारतीयों ने हमेशा संस्कार और सेवा का उदाहरण पेश किया है। भारत वर्ष ही ऐसा देश है, जहां लोग एक छत के नीचे समभाव और उच्च विचारों का बीजारोपण करते देखे जा सकते है। दुख की बात तो यह है कि पिछले कुछ दशकों पर हम पर भी यूरोपियन चाल-चलन और आबोहवा ने अपना कुप्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। 'मिलजुल कर सुख बांटों दुख से लड़ों' वाला संकल्प सूत्र कहीं अंधेरे की गुमनामी में खो गया है और उसका स्थान 'एकला चलो' जैसे स्वार्थी सूत्र ने ले लिया है। एक दूसरे को सहयोग करते हुए प्रगति पथ पर बढ़ने की हमारी सोच भी कहीं विलुप्त हो गयी है।

## कहानी

# पानी के चोर

**डॉ. उमेश चमोला**

❍ वहाँ पर एक चीज पड़ी हुई थी। वह दूर से चमक रही थी। दीपू उस चीज के पास आया। उसने उसे छुआ। उस पर लिखा हुआ था-'कालघड़ी'कालघड़ी में कई बटन लगे हुए थे। इन बटनो के ऊपर भूत, भविष्य और वर्तमान काल लिखा हुआ था। दीपू ने भविष्य का बटन दबाया. बटन दबाते ही वह भविष्य की दुनिया में पहुंच गया. वहाँ उसे अपना घर भी दिखाई दिया. घर में उसके माता-पिता और बहिन भी थी।सिलेण्डर ले लो ऑक्सीजन सिलेण्डर ले लो।''कोई घर के दरवाजे को खटखटाते हुए कह रहा था. दीपू दरवाजा खोलकर बाहर आया आश्चर्य से उसने पूछा,''अंकल! यह ऑक्सीजन सिलेण्डर क्या होता है? तुम्हें पता नहीं? लगता है तुम इस दुनिया में नए-नए आए हो। ऑक्सीजन एक गैस है। इसके बिना हम एक पल भी जी नहीं सकते। इसी से हम सांस लेते हैं। यह जिस सिलेण्डर में भरी रहती है उसे ऑक्सीजन सिलेण्डर कहते हैं।''- उस व्यक्ति ने समझाया।उन दोनो की बातें सुनकर दीपू के पिता राघव बाहर आए। उन्होंने सिलेण्डर वाले से पूछा,'' कितने रुपए हुए?' बाबू जी! दस हजार रुपया एक सिलेण्डर का। दोनों के बीस हजार हुए।''-सिलेण्डर वाला बोला।पापा! ऑक्सीजन सिलेण्डरों में ऑक्सीजन कहाँ से आती है?''-दीपू ने अपने पापा से पूछा। बेटा! पेड़-पौधे दिन में सूर्य के प्रकाश में ऑक्सीजन बनाते हैं। प्राचीन काल में चारों ओर हरे-भरे पेड़-पौधे थे। इसलिए उस समय वातावरण में खूब ऑक्सीजन होती थी। उस समय ऑक्सीजन सिलेण्डरों की जरूरत अंतरिक्ष यान में यात्रा करने और चिकित्सा कार्यों के लिए ही होती थी। सांस लेने के लिए तब वातावरण की ऑक्सीजन ही काफी थी। आज सब बदल चुका है। मनुष्य ने जंगलों को काटकर ऊंचे-ऊंचे भवन बना लिए हैं। कुछ देशों में अभी भी हरे-भरे पेड़-पौधे हैं। ये देश बड़े-बड़े संयंत्रों की मदद से पेड़-पौधों से प्राप्त ऑक्सीजन को सिलेण्डर में भरकर अन्य देशों को बेचते हैं।''

## लघुकथा

# छोटी-छोटी खुशियां

**अनघा जोगलेकर**



❍ इस वेलेंटाइन डे पर तुम्हें जो तोहफा चाहिए हो, पहले ही बता देना। कल ऑफिस से आते समय लेते आऊँगा।" पलाश की बात सुन, मीनू मुस्कुराते हुए रसोई में चली गई. पलाश भी पीछे पीछे आ गया, "बताओ न मीनू, क्या चाहिए तुम्हें।आज बड़े रोमेंटिक मूड में हैं ज़नाब।" मीनू ने हंसते हुए कहा।क्या करें यार। हफ्ते में 6 दिन सुबह 8 बजे ऑफिस जाओ तो रात 9 बजे ही घर लौटो। और रविवार को तो लगता है बस आराम ही करो। कहीं जाने का मन ही नहीं करता।"अच्छा सुनो, चलो न सब्जी लेकर आते हैं।"अरे यार। अब रविवार खराब न करो। ये सब्जी-वब्जी लाना, मुझसे न होगा। मुझे तो माफ ही करो।"चलो न प्लीज़। प्लीज़, प्लीज़, प्लीज़।"आखिर मन मारकर पलाश को मीनू के साथ सब्जी लेने जाना ही पड़ा।वापस आकर उसने फिर वही पूछा, "मीनू अब तक तुमने बताया नहीं है कि तुम्हें वेलेंटाइन डे पर क्या चाहिए। फिर न कहना कि मैंने पूछा नहीं।" मुझे तो मेरा तोहफा मिल भी गया।"मिल भी गया? कब अभी"अभी?"हाँ। अभी हम दोनों सब्जी लेने गए थे न, बस वहीं मुझे मेरा तोहफा मिल गया।"तुम्हारा मतलब. वो..वो सब्जियां तुम्हे तोहफे में चाहिए थीं?"नहीं बाबा। अच्छा तुम्हें याद है जब हमारी नई-नई शादी हुई थी। हम साथ बाजार जाया करते थे और सब्जीवाले से तुम्हें औरतों जैसे मोलभाव करते देख, मैं खिलखिलाकर हँस पड़ती थी। आज फिर तुमने मुझे वैसे ही खिलखिलाने का मौका दे दिया। थैंक्स।" पलाश मुस्कुराया फिर हौले से बोला, "आज लाई हुई ये सब्जियां कितने दिनों में खत्म हो जाएंगी?"


# यू पाईल्स सिरप तथा पाईल्स रिलॅक्स और पाइलामृत कैप्सूल

❐ आयुर्वेद एक जीवनशास्त्र तथा वरदानी चिकित्सा शास्त्र भी है। पाईल्स अर्थात बवासीर पर इसमे कई हजार वर्षों से सफल प्रभावी ईलाज किया जाता आ रहा है। इस पाईल्स या बवासीर को अर्श या मूलव्याध भी आयुर्वेद में कहा गया है। शिवशंकर आयुर्वेद एजेंसी सीताबर्डी नागपुर द्वारा निर्मित एक वितरित यू पाईल्स सिरप तथा पाइल्स रिलैक्स और पाईलामृत कैप्सूल पाइल्स पर अच्छा आराम देते हुए पाए गए है. पाइल्स या मूलव्याधि समूल नष्ट नहीं होगा. इसे पथ्य और औषधि सेवन से शांत किया जा सकता है. शल्य क्रिया करके भी पाइल्स फिर अपथ्य करने से पुनरुद्भव हो सकता है. उसको पथ्यापथ्य से और औषधी सेवन से ठीक किया जा सकता है। शल्यक्रिया (ऑपरेशन) करके भी पाईल्स फिर अपथ्य सेवन करने से पुनरुद्भव हो सकता है। परंतु पथ्यापथ्य के पालन एवं यु पाईल्स सिरप 20ml + आधे कप पानी के साथ और एक कैप्सूल पाइल्स रिलैक्स एव पाईलामृत की सुबह और शाम खाने के बाद सेवन करने से पाइल्स में अच्छा लाभ होते हुए देखा गया है. शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी मार्गदर्शक वैद्यो को अनुभव आया है। तथा इच्छुक व्यक्ति शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी अथवा शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी वैद्यो की अनुभवी सलाह से परामर्श कर उपयुक्त यू पाइल्स सिरप एवम पाइल्स रिलैक्स और पायलाम्रुत कॅप्सुल्स का सेवन करके अपनी समस्या का समाधान पाए.






सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# दूध बेचने निकले युवक की हादसे में मौत

**आरमोरी:**



ठाणेगांव में एक दूध डेयरी पर दूध बेचकर दोपहिया वाहन चालक की गांव लौटते समय एक तीन पहिया माल रिक्शा की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें दुपहिया सवार छात्र की मौत हो गई। घटना रविवार 15 दिसंबर की सुबह करीब 7:30 बजे वनखी गांव के पास हुई.

मंथन प्रकाश लाकड़े (19) निवासी चामोर्शी (माल) हादसे में मरने वाले छात्र का नाम है. दूसरे गांव में मंथन अपने रिश्तेदार के साथ पढ़ रहा था। तीन दिन पहले ही वह चामोर्शी माल स्थित अपने घर आया था. मंथन सुबह वह मोटर सायकल क्रमांक एम एच 33 ए.एफ 7553 से घर का दूध डेयरी पर पहुंचाने के लिए ठानेगांव गया था। जब वह डेयरी पर दूध देकर मोटरसाइकिल से अपने गांव चामोर्शी माल लौट रहा था, तभी वनखी से चामोर्शी माल गांव के डामर रोड पर रामदास खेवले के खेत के पास सामने से आ रहा था एक पीले रंग के तिपहिया माल रिक्शा क्रमांक एम.एच. 34 बी.एच 2024 ने मंथन की मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में मंथन के सिर में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में रिक्शा चालक देवराव शंकर सालुंखे, नेहरूनगर (चंद्रपुर) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

# फर्नीचर व्यवसायी ने दुकान में फांसी लगा ली



**देसाईगंज:** एक फर्नीचर व्यवसायी ने सुबह अपनी दुकान खोली और दोपहर तक दुकान चलाने के बाद उसने दुकान में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना रविवार 15 दिसंबर को दोपहर 3 बजे देसाईगंज शहर के गांधी वार्ड में घटी।

आत्महत्या करने वाले कारोबारी का नाम उमेश माधव शिंगाडे (45) निवासी गांधीवार्ड, देसाईगंज है। उमेश शिंगाड़े ने अपने घर से करीब 300 मीटर दूर किराए के कमरे में फर्नीचर की दुकान खोल रखी है. रविवार को रोज की तरह फर्नीचर की दुकान खुली। वह सुबह से दुकान में था। इसी बीच दोपहर के करीब कुछ लोग उसके दुकान में सामान खरीदने के लिए दुकान पर आए लेकिन दुकान के मालिक दिखाई नहीं देने पर जब वह अंदर गए तो उमेश शिंगाड़े छत से लटके हुए था। इसके बाद इसकी सूचना देसाईगंज थाने को दी गयी. पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए ग्रामीण अस्पताल भेज दिया। इस घटना की आगे की जांच थानेदार अजय जगताप के मार्गदर्शन में चल रही है. हालांकि, उमेश ने आत्महत्या क्यों की, इसका कारण पता नहीं चल सका है। उनके परिवार में पत्नी, बेटा, बेटी, मां, भाई हैं।

# तीन एकड़ धान के गट्ठे जले

## >कोटगुल गांव की घटना: दिनदहाड़े धान के गट्ठों को जलाने का दौर जारी

**कोरची:**

कोरची तहसील परिसर में धान के गुच्छों को जलाने का सत्र चल रहा है और कोटगुल में रविवार को दोपहर करीब 2 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने तीन एकड़ धान के गुच्छों में आग लगा दी. इस घटना में धान के गट्ठे जल गए, इससे किसान की एक साल की मेहनत बर्बाद हो गयी है.

कोटगुल के किसान बृजलाल जुगरू कुमरे ने दो सप्ताह पहले गांव के पास कोहका मार्ग पर अपने खेत के पास तीन एकड़ खेत में संकर धान का एक बड़ा गुच्छा तैयार किया था। इसमें करीब 800 गट्ठे लोड थे. कुछ दिनों में वे धान कटाई होने वाली थीं गांव से 50 मीटर की दूरी पर धान का खेत था. दोपहर करीब दो बजे उक्त कटाई किए गए धान के गठ्ठो में किसीने आग लगा दी. देखते ही देखते आग ने रुद्र रूप धारण करते हुए 800 गठ्ठो में से करीब 400 गठ्ठो को जला दिया. निरंजन मडावी और गाँव के अन्य नागरिक दौड़े और कृषि पंप की मदद से जलने लगे गठ्ठो पर पानी छिड़का और आग बुझ गई। हालांकि, किसान को करीब 60 हजार का नुकसान हुआ. इस संबंध में कोई पंचनामा नहीं हुआ।

# महावितरण बिजली बिल उड़ा रहा है आम लोगों की नींद

## > बिजली की रोशनी में आकार नाम पर फर्जीवाड़ा.
## > आम जनता में चर्चा का विषय

**गोंडपिपरी.**



एक तरफ जहां आम लोग महंगाई और स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ बिजली बिल सिरदर्द बनता जा रहा है।बिजली बिल में दिन-ब-दिन बढ़ोतरी से आम लोगों में असंतोष का माहौल है। देखा जा सकता है कि आम आदमी के मनोवृत्ति बीज बिल के कारण बिघड रही है। महावितरण कंपनी ने 100 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले ग्राहकों के लिए बिजली बिल 100 रुपये बढ़ाकर 125 रुपये कर दिया है। 100 यूनिट तक बिजली खपत करने वालों के लिए अलग दर और उससे अधिक बिजली खपत करने वालों के लिए अलग दर है। इसकी तुलना में यह उम्मीद की जा रही थी कि 100 यूनिट तक बिजली की खपत करने वालों पर बिजली की कीमत में बढ़ोतरी का असर कम होगा, लेकिन महावितरण के पास 'कम' शब्द का विकल्प ही नहीं ऐसा देखाई दे रहा है। कूच्छ साल पहले 80 युनिट का बिल 350 से 450 तक आता था। अब उसी यूनिट का बिल 750 से 850 रुपये आ रहा है, इससे आम नागरिक काफी हद तक हैरान हैं। जबकि जनता यह जानने की मानसिकता में है कि बिजली दर में वृद्धि कैसे और किस लिए हो रही है की,ऐसे मे निश्चित राशि, बिजली राशि, कैरिंग राशि, ईंधन समायोजन राशि, बिजली शुल्क, बिजली बिक्री कर तथा ब्याज का ये मामका हर एक को परेशानी मे डाल रहा है। इस "आकार"की गुत्थी किसी को भी सूलज नहीं रही है। बिजली बिल रेट शीट मे हर माह राशियाँ बढ चडकर हि आती है।इसलिए, यह प्रकार भी ग्राहकों को भ्रमित कर रहा है। 30-30 दिनों के बाद बीजली बिल के विवरण में राशि बढ़ती जाती है, इसलिए "महावितरण के पास कोई जादू की छड़ी है क्या,जो जब चाहे नंबर बदल दे" ऐसा आम लोग उत्सुकता से बोलने लगे हैं। वस्तुतःहर राजनैतिक दलोंका यह वादा होता हे की, लोगों की हर समस्याओं का समाधान करेगी और गावं गावं ने विकास की गंगा लाएगी। क्या अब माई बाब सरकार बिजली बिल के चंगुल मे फसी आंम जनता को छुटकारा दीलायेगी? चंद्रपुर जिले मे बिजली उत्पादित होती है। फिर यहां के लोग बिजली बिल का बोझ क्यों उठाएं?इसका प्रमाण कोई दे सकता हैं?जिने के लिये रोटी कपडा और मकान की आवश्यकता है,ठीक उसि तरह हर इंसानको बिजली की आवश्यकता है। लेकीन बिजली मे हो रही बाढोत्तरी आम आदमी की जान खा रही है। इस बात पर स्थानीय जन प्रतिनिधियों को विचार करने की आवश्यकता है।

# फसल बीमा राशि का तुरंत भुगतान करें: सांसद धानोरकर

## शीतकालीन सत्र 2024 में उठाया किसानों का मुद्दा

**चंद्रपुर.** दिल्ली में लोकसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है और सांसद प्रतिभा धानोरकर विभिन्न सवालों के जरिए सरकार का ध्यान आकर्षित कर रही हैं. शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार के संज्ञान में यह बात लाई गई कि वर्ष 2023 की प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि अभी तक किसानों को नहीं मिली है।

दिल्ली में लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सांसद प्रतिभा धानोरकर ने विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा और कृषि और किसानों को लेकर आक्रामक ढंग से अपने सवाल उठाए. सांसद प्रतिभा धानोरकर ने बताया कि कीटनाशकों के कारण कई किसान और उनके बच्चे मर रहे हैं। साथ ही सरकार को कीटनाशकों से होने वाले दुष्प्रभाव के लिए भी कदम उठाने चाहिए. इसके साथ ही सांसद धानोरकर ने सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि ऐसे मामलों में अस्पतालों को आवश्यक निर्देश भी दिये जाने चाहिए. साथ ही सांसद धानोरकर ने सदन में कहा कि 2023 में खराब हुई किसानों की फसल बीमा राशि अभी तक नहीं मिली है. सांसद धानोरकर ने यह भी मांग की कि संबंधित फसल बीमा राशि का भुगतान तुरंत किया जाना चाहिए और संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए. उन्होंने सरकार से संबंधित कंपनी की मुजोरी को बंद कर किसानों को न्याय देने का भी अनुरोध किया.





# दत्त जयंती महाप्रसाद का हजारों श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया

**चंद्रपुर.** 15 दिसंबर को दत्त जयंती के अवसर पर नानाजी नगर नागपुर रोड स्थित सार्वजनिक दत्त मंदिर में भव्य महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें वडगांव वार्ड और पूरे शहर के हजारों श्री दत्त भक्तों ने इस महाप्रसाद का लाभ उठाया. हर वर्ष दत्त जयंती के दूसरे दिन इस स्थान पर भव्य महाप्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

खास तौर पर दत्त जयंती के अवसर पर पूरे मंदिर क्षेत्र को रंग-रोगन से सजाया गया था. क्षेत्र के सभी पेड़ों को भी सजाया गया था, मंदिर के सामने और अंदर महिलाओं द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली भक्तों का ध्यान आकर्षित कर रही थी। क्षेत्र की सभी सड़कों पर दो-तरफा रंगोली सजायी गयी थ्री दो दिनों तक श्रीदत्त के गीतों से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा.

स्वर्गीय फकीराजी पाटिल येरगुडे ने 51 वर्ष पहले इस दत्त मंदिर की स्थापना की थी। पिछले 51 वर्षों से मंदिर में दत्त जयंती और भव्य महाप्रसाद का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष लगातार 52वें वर्ष दत्त जयंती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस आयोजन की सफलता के लिए महाप्रसाद आयोजन समिति, नानाजी नगर महिला मंडल, नवदत्त बाल गणेश मंडल, दत्तनगर क्षेत्र में दत्त बाल युवा गणेश मंडल और साईं मंदिर क्षेत्र में दीपस्तंभ बौद्ध मंडल के सदस्यों ने इस स्थान पर महाप्रसाद का लाभ उठाया। ऐसी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति द्वारा पप्पू देशमुख, मुख्य आयोजक, महाप्रसाद आयोजन समिति ने दिया है.






# जोरग़ेवार के जन्मदिन पर 5000 विद्यार्थियों को नोटबुक एवं दिव्यांग बंधुओं को सामग्री वितरण

## > जन्मदिन विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को क्रियान्वित कर सामाजिक दिवस के रूप में हर साल मनाया जाता है
## > रक्तदान शिविर, 5000 विद्यार्थियों को नोटबुक एवं दिव्यांग बंधुओं को सामग्री वितरण।

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक किशोर जोरगेवार का जन्मदिन इस वर्ष विभिन्न सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों छात्र-छात्राओं को छह-छह कॉपियां वितरित की गईं। अगले छह दिनों में पांच हजार छात्रों को कुल 27 हजार नोटबुक वितरित करने का भी संकल्प लिया गया । साथ ही दिव्यांग बंधुओं के लिए सामग्री वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

सुबह विधायक किशोर जोरगेवार ने माता महाकाली मंदिर में महाआरती की और विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जाकर पूजा-अर्चना की. इसके बाद सामाजिक गतिविधियां शुरू हुईं। भारतीय जनता पार्टी चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र की ओर से जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित भव्य रक्तदान शिविर का उद्घाटन विधायक किशोर जोरगेवार ने किया. इस शिविर में 200 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्त दान किया.

रात 11 बजे बाबूपेठ स्थित सावित्रीबाई फुले स्कूल में विधायक किशोर जोरगेवार मित्र परिवार की ओर से विधायक किशोर जोरगेवार ने छात्रों को नोटबुक वितरित कीं . इस अवसर पर अगले छह दिनों में नगर निगम के सभी स्कूलों में पांच हजार विद्यार्थियों को छह-छह नोटबुक देने का निर्णय लिया गया.

पडोली में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की ओर से विधायक किशोर जोरगेवार का अभिनंदन किया गया. बाबूपेठ छोटा बाजार में लाडू तुला कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

दीक्षाभूमि में आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल होकर विधायक जोरगेवार ने डॉ. भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर की छवि पर माल्यार्पण किया।

विधायक जोरगेवार ने तुकुम में एक स्वास्थ्य शिविर का भी उद्घाटन किया। विधायक जोरगेवार ने जोड़ देउल में आयोजित दिव्यांग साहित्य वितरण कार्यक्रम में दिव्यांग बंधुओं को सामग्री वितरित की. उन्होंने योग नृत्य परिवार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया.

भारतीय जनता पार्टी एवं विधायक किशोर जोरगेवार मित्र परिवार की ओर से शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना की गयी और यज्ञ किये गये। शहर के कई हिस्सों में स्वास्थ्य शिविर, नेत्र परीक्षण शिविर , लाडू तुला , सामग्री वितरण जैसे विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

भारतीय जनता पार्टी, चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र और मित्रों की ओर से इन सामाजिक कल्याण गतिविधियों के माध्यम से विधायक किशोर जोरगेवार का जन्मदिन बड़े उत्साह के साथ मनाया गया ।

# पैर खून से लथपथ हो जाएं तो भी चलेगा, लेकिन मुनगंटीवार के लिए मंत्री पद चाहिए

## > चंद्रपुर भाजपा में गहरी नाराजगी.
## > चंद्रपुर से नागपुर से दिल्ली पैदल मार्च

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**



राज्य के कद्दावर नेता और बीजेपी की प्रमुख तोप सुधीर मुनगंटीवार इस बार कैबिनेट में नहीं हैं. ऐसा कभी नहीं हुआ कि बीजेपी सत्ता में आई हो और मुनगंटीवार कैबिनेट में न हों. लेकिन इस बार जो हुआ वो उल्टा हुआ. मुनगंटीवार खुद मंत्री पद नहीं मिलने से नाराज नहीं हैं. लेकिन उनके समर्थकों ने नाराजगी जाहिर की है. कई कार्यकर्ताओं की आंखों में आंसू हैं. चंद्रपुर की कई प्यारी बहनें अपने भाई का नाम न होने के गम में डूबी हुई हैं. कई मरीज़, उनके रिश्तेदार, निराश्रित माताएँ-बहनें, छात्र, किसान, जिनके लिए मुनगंटीवार दौड़े थे, उनका दम घुट गया है। मुनगंटीवार ने 'मौनं सर्वार्थ साधनम्' भूमिका लेते हुए भाजपा के खिलाफ कोई तंज नहीं कसा है. लेकिन सुधीर मुनगंटीवार के प्रशंसक चंद्रपुर से पैदल ही निकल पड़े, वे नागपुर के बाद दिल्ली तक मार्च करने वाले हैं.

उन सभी ने यह रुख अपनाया है कि भले ही चंद्रपुर से दिल्ली पहुंचने तक हमारे पैर खून से लथपथ हों, लेकिन सुधीर भाऊ को मंत्री पद मिलना ही चाहिए। एक-एक कर मुनगंटीवार के प्रशंसक इस अनोखे पदयात्रा सत्याग्रह में हिस्सा ले रहे हैं. वे केवल एक ही उत्तर चाहते हैं. सही समय पर सुधीर मुनगंटीवार को कैबिनेट से क्यों हटाया गया ? शुरुआत में ये सभी कार्यकर्ता पैदल चलकर नागपुर पहुंचने वाले हैं. वह मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे दिल्ली की ओर मार्च करेंगे.

इन सभी कार्यकर्ताओं के सामने यह सवाल है कि 'दिल्ली चे तख्त राखतो महाराष्ट्र माजा' देने वाले सुधीर मुनगंटीवार को दिल्ली ने मंत्री पद से कैसे वंचित किया, या किया जा सकता है ? मंगलवार दोपहर 17 दिसंबर को चंद्रपुर से नागपुर तक कार्यकर्ताओं की पदयात्रा शुरू हो गई है. ये कार्यकर्ता नागपुर में संतुष्ट हुए तो नहीं तो दिल्ली की ओर अपनी यात्रा जारी रखने का दृढ़ निश्चय कर लिया है.

चंद्रपुर से निकले ये भाजपा कार्यकर्ता इस ठंड में भूखे-प्यासे चलते रहेंगे. इस पदयात्रा में पडोली, भद्रावती, वरोरा, खंबाला क्षेत्रों से कार्यकर्ता शामिल होंगे. मुनगंटीवार के समर्थकों का मानना है कि इस सत्याग्रह पदयात्रा में नागपुर पहुंचते-पहुंचते कार्यकर्ताओं की संख्या काफी हो जाएगी.

**कारवां चलता रहेंगा.**

मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल मगर.

मुनगंटीवार का राजनीतिक करियर 'लोग साथ आते गए और कारवां बनता गया' ऐसा रहा है। अपने 30 साल के विधायक कार्यकाल में उन्होंने लोगों को जोड़ा. तभी तो उनके लिए भी फैन्स का 'कारवां' तैयार हो रहा है. फिलहाल फारुख शेख, हरीश व्यवहारे, सूरज पारखी, अमित टमटकर, अरविंद बोरकर, देवानंद थोरात, भोजराज शिंदे, मनोज ठेंगने, दीपक सिंह आदि चंद्रपुर छोड़ चुके हैं. लेकिन अब ये संख्या बढ़ने वाली है. रास्ते में हर गांव से सुधीर मुनगंटीवार के कार्यकर्ता सत्याग्रह पदयात्रा में शामिल होंगे. मैं नाराज नहीं हूं. मैं नाराज होने वालों में से नहीं हूं. लेकिन तय हुआ कि मुझे कैबिनेट में शामिल किया जायेगा. शपथ ग्रहण के दिन भी मुझे फोन नहीं आया. मुझे इसका कारण नहीं मालूम था. मैं कारण जानना चाहता हूं. मैं बीजेपी का कार्यकर्ता हूं. पार्टी ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाएगी।' जिम्मेदारी पूरी ताकत से निभाना मेरा कर्तव्य है।' यह कर्तव्य मैं आज तक निभा रहा हूं। मुनगंटीवार ने मीडिया से कहा है कि वह ऐसा करना जारी रखेंगे. इसके चलते कभी न हारने वाले मुनगंटीवार के लिए जुझारू कार्यकर्ता भी तैयार हैं.

**सातवीं बार विधायक.**

सुधीर मुनगंटीवार लगातार सातवीं बार चंद्रपुर जिले से विधायक चुने गए हैं। इस जिले में अब तक जो भी कार्य देखने को मिले हैं, वे उन्हीं की बदौलत हुए हैं। अगर यह सुधीर मुनगंटीवार नहीं होते तो चंद्रपुर जिला 20 साल पीछे होता। इसलिए हम इस बात से काफी नाराज हैं कि उन्हें मंत्री पद नहीं मिला.' यहां से हम पैदल ही नागपुर जाएंगे। हम वहां मुख्यमंत्री से मिलेंगे. अगर हमारा काम यहीं हो गया तो ठीक है। अन्यथा वहां से पैदल ही दिल्ली की ओर बढ़ेंगे और दिल्ली में अपनी बात रखेंग़े. जब तक सुधीर मुनगंटीवार को मंत्री पद नहीं मिल जाता, हमारे कदम नहीं रुकेंगे. चंद्रपुर से पदयात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं ने अपनी भावना व्यक्त की है कि भले ही उनके पैरों से खून बह जाए, लेकिन ये कदम नहीं रुकेंगे.




# फौजी के सेट पर घायल हुए प्रभास!



☐ प्रभास ने इस साल बॉक्स ऑफिस पर खूब भौकाल काटा. उनकी 'कल्कि 2898 एडी' रिलीज हुई और पैसों की बारिश हो गई. इस वक्त वो अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं. इसी बीच प्रभास ने जानकारी दी है कि वो फिल्म की शूटिंग के दौरान घायल हो गए हैं. उनकी साल 2025 में 'द राजा साब' आने वाली है. पर वो बीते कुछ वक्त से 'फौजी' पर काम कर रहे थे. इससे यह क्लियर हो गया है कि 'फौजी' के सेट पर ही उन्हें चोट लगी है. इस चोट के चलते प्रभास को एक बड़ा मौका छोड़ना पड़ रहा है. जिसके लिए उन्होंने फैन्स से माफी भी मांगी है. दरअसल एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट वायरल हो रहा है. इसमें लिखा है कि- मेरे काम और मुझे इतना प्यार देने के लिए शुक्रिया. लंबे वक्त से जापान जाने के लिए एक्साइटेड था. पर शूटिंग के दौरान पैर में मोच आ गई है. प्रभास की 'कल्कि 2898 एडी' इसी साल भारत में रिलीज हुई है. पिक्चर को फैन्स का काफी प्यार मिला. फिल्म ने दुनियाभर से 1042 रुपये का कलेक्शन किया है. 'कल्कि 2898' का जापान में प्रीमियर होने वाला है, उससे पहले प्रमोशंस के लिए प्रभास को वहां जाना था. पर अब उन्हें ये खास मौका छोड़ना पड़ रहा है. दरअसल यह फिल्म 3 जनवरी, 2025 को जापान में रिलीज होगी. उससे पहले ही फिल्म को लेकर तगड़ा माहौल बनाया गया था. प्रभास के जापानी फैन्स भी उनका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. पर अब उनका जाना पॉसिबल नहीं है, जिसके चलते उन्होंने माफी मांग ली है. इस दौरान उन्होंने फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर ट्विन की भी तारीफ की. उन्होंने लिखा कि "ट्विन काफी सपोर्टिव हैं और हम उनके एफर्ट्स के लिए शुक्रिया करते हैं. उम्मीद है कि जल्द ही मिल सकूं." प्रभास इस वक्त फिल्म 'फौजी' की शूटिंग कर रहे हैं, पर चोट की वजह से ब्रेक पर हैं. यह फिल्म साल 2026 में रिलीज हो सकती है. फिलहाल ऑफिशियल डेट अनाउंस नहीं की गई है. एक्शन से भरपूर इस पीरियड ड्रामा में प्रभास सैनिक का किरदार निभा रहे हैं. हनु राघवपुडी की इस फिल्म को मैथ्री मूवी मेकर्स वाले ही प्रोड्यूस कर रहे हैं.



# एक्स बॉयफ्रेंड संग जमकर नाचीं सारा

☐ बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों उत्तराखंड के मसूरी में हैं। और अपने अगले प्रोजेक्ट 'स्काई फोर्स' की शूटिंग कर रही हैं। इसमें उनके साथ अक्षय कुमार तो नजर आएंगे ही। साथ ही अक्षय कुमार भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे। हालांकि अभी एक्ट्रेस ने इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। लेकिन अब वीडियो सामने आया है। जिसमें सैफ-अमृता की लाडली अपने एक्स बॉयफ्रेंड के साथ डांस करती दिखाई दे रही हैं। ये देख हर कोई हैरान रह गया है। सारा अली खान और वीर पहाड़िया गढवाली डांस कर रहे हैं। इसका वीडियो सोशल मडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस ये देखकर अब अपनी खुशी रोक नहीं पा रहे हैं और स्क्रीन पर दोनों को साथ देखने के लिए एक्साइटेड हैं। रेडिट पर वीडियो सामने आया है, जिसमें सारा ने सफेद रंग की साड़ी पहनी है और वीर ने सफेद पैंट और काले रंग के कोट में नजर आ रहे हैं। सारा और वीर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर डांस कर रहे हैं। उन्होंने यह शूटिंग तिब्बती बौद्ध मंदिर के सामने की है। जबकि दूसरे वीडियो में सारा और वीर एक कैफे में शूटिंग करते नजर आए। 'स्काई फोर्स' के डायरेक्टर अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने इस गाने को प्रमोशनल स्ट्रैटजी के कारण जोड़ा है। वीर पहाड़िया महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के पोते और मुंबई के बिजनेसमैन संजय पहाड़िया के बेटे हैं। ये शिखर पहाड़िया के भाई हैं, जो जान्हवी कपूर को डेट कर रहे हैं। सारा अली खान ने वीर को 2016 में डेट किया था। एक्ट्रेस ने कहा था कि वह इकलौते लड़के थे, जिन्हें उन्होंने डेट किया था। इनके अलावा उनके जीवन में कोई दूसरा बॉयफ्रेंड नहीं रहा था।

# आलिया भट्ट
## को सास नीतू कपूर ने किया इग्नोर



बॉलीवुड के शोमैन कहे जाने वाले एक्टर राज कपूर की 14 दिसंबर को 100वीं बर्थ एनिवर्सरी पर कपूर खानदान ने उनके सम्मान के लिए राज कपूर फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया था. इस कार्यक्रम की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है. जिसमें आलिया भट्ट अपनी सास को पुकारती है, लेकिन फिर नीतू कपूर उन्हें इग्नोर कर देती हैं. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखने को मिला कि आलिया भट्ट पलटती हैं और नीतू के पास पहुंचती. फिर एक्ट्रेस अपनी सास को 'मां' कहकर आवाज लगाती है फिर आलिया अपनी सास का हाथ पकड़ने की कोशिश करती हैं लेकिन नीतू उनके पास से निकल जाती हैं. ये वीडियो देखने के बाद नेटिजन्स इन्हें ट्रोल कर रहे हैं. लोगों का कहना है कि नीतू ने आलिया को थोड़ा इग्नोर किया. नीतू और आलिया का वीडियो देखने के बाद यूजर्स तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं और ट्रोल कर रहे हैं.

# 'पुष्पा 2'
## ने किया 1300 करोड़ का आंकड़ा पार



साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी मास एक्शन ड्रामा फिल्म पुष्पा 2 द रूल से वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर रूल कर रहे हैं. 'पुष्पा 2' ने ग्लोबली 1300 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. इधर, अल्लू अर्जुन फिल्म की अपार कमाई से भी खुश होकर अंदर से दुखी हैं. अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 के पेड प्रीव्यू पर हुई एक महिला की मौत से एक्टर अंदर से टूट चुके हैं और मृतक महिला के परिवार की हरसंभव मदद का एलान कर चुके हैं. अब अल्लू अर्जुन ने इस बाबत एक और क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है.

☐ बता दें, पुष्पा 2 का बीती 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर पर अल्लू अर्जुन भी पहुंचे थे. जहां एक्टर को देख उनके फैंस बेकाबू हो गए. अल्लू अर्जुन को देखने पहुंची ऑडियंस की भीड़ में रेवती नामक महिला फंस गई और दम घुटने से उनकी मौत हो गई है. महिला अपने पति और बच्चों के साथ फिल्म पुष्पा 2 देखने संध्या थिएटर पहुंची थीं. वहीं, इस बाबत अर्जुन को कोर्ट जाना पड़ा और उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत का कोर्ट ने आदेश जारी किया था. वहीं, अल्लू अर्जुन को सुनवाई ही कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई थी, जिसके बाद अल्लू अर्जुन और फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई थी, लेकिन एक्टर अभी दुखी हैं. अल्लू अर्जुन ने रिहा होने के बाद अपने बीती रात एक पोस्ट जारी किया है, जिसमें मैं अभी भी श्रीतेज (भगदड़ में घायल के लिए चिंतित हूं, जिसका इलाज एक घटना का शिकार हो गया, चलते मुझे इनकी फैमिली और किया गया है, लेकिन मेरी हैं और मैं आपके पूरे इलाज जरूरतों के लिए प्रतिबद्ध हूं, होने की कामना करता से मिलने के लिए तैयार दिनों में ग्लोबली 1300 पार कर लिया है. इसी (1200 करोड़ रुपये (1200 करोड़ रुपये पुष्पा 2 इंडियन करने वाली फिल्म (2024 करोड़ 2 (1810 करोड़ आने वाले हफ्ते में मूवी पुष्पा 2: द रूल भी इस फिल्म का है. अब तक इस धीमी नहीं पड़ी मंधाना की रही है.

भाषा वही

अल्लू में भेजने वाले दिन की फैमिली भी मन ही मन इंस्टाग्राम पर एक्टर ने लिखा है, मृतक महिला का बेटा) चल रहा है, जो दुर्भाग्यवश कानून प्रोजिसर के बच्चे से मिलने से मना प्रार्थनाए आपके साथ और फैमिली की मैं आपके जल्द ठीक हूं, मैं आपके परिवार हूं'. ता दें, पुष्पा 2 ने 11 करोड़ रुपये का आंकड़ा के साथ पुष्पा 2 ने आरआआर से ज्यादा) और केजीएफ 2 से ज्यादा) का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. सिनेमा की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई बन गई है. वहीं, पहले स्थान पर दंगल रुपये) और दूसरे स्थान पर प्रभास की बाहुबली रुपये) है. वहीं, कहना गलत नहीं होगा कि पुष्पा 2 बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है. अल्लू अर्जुन की लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है. बॉक्स ऑफिस पर अब सफर थमा नहीं है. थमना तो दूर की बात फिल्म की कमाई की रफ्तार तक है. अल्लू अर्जुन और रश्मिका जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ फिल्म अलग अलग भाषाओं में रिलीज की गई है. और, हर में पुष्पा 2 राइज का जलवा है जो उसकी मूल भाषा में है. फिल्म ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजय बालन के मुताबिक ये फिल्म एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी बना चुकी है. इस रिकॉर्ड के मुताबिक फिल्म ने पूरे सात दिन तक लगातार तीस तीस करोड़ रु. की कमाई की है. इसके अलावा सारे वर्जन मिलाकर फिल्म की कमाई की रफ्तार क्या रही चलिए जान लेते हैं. अल्लू अर्जुन की ये मूवी कमाई के मामले में सारे अंदाजों से आगे निकल चुकी है. फिल्म को लेकर फैन्स का एक्साइटमेंट भी अब तक पहले की ही तरह बरकरार है. इस एक्शन पैक्ड ड्रामे को देखने के लिए फैन्स पहले की ही तरह थियेटर में पहुंच रहे हैं. बुधवार को भी इस फिल्म का कलेक्शन 31.5 करोड़ रु रहा.



# सास के साथ साईं बाबा के दरबार पहुंचीं कैटरीना

☐ बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने अपनी एक्टिंग ही नहीं बल्कि खूबसूरती से भी लोगों को दीवाना बनाया है. एक्ट्रेस जब भी कैमरे के सामने आती हैं तो फैंस का दिल जीत लेती हैं. अब हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो अपनी सासू मां के साथ नजर आ रही हैं. इस दौरान एक्ट्रेस का अंदाज देख लोग काफी इंप्रेस हो गए और उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं.

हाल ही में कैटरीना कैफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. एक्ट्रेस अपनी सासु मां संग शिरणी पहुंची और साई बाबा के दर्शन किए. इस दौरान एक्ट्रेस के लुक ने लोगों का दिल जीत लिया. कैटरीना सफेद रंग का सिंपल सूट पहने नजर आईं, वहीं उन्होंने नो मेकअप लुक रखा था जो फैंस को बेहद पसंद आया. एक्ट्रेस ने पने सिर पर दुपट्टा ओढ़ रखा है. वहीं उनकी सासु मां पर्पल कलर का सूट पहने दिखीं और दोनों ही साई बाबा की भक्ति में लीन नजर आईं. बता दें, कैटरीना कैफ काफी समय से फिल्मों से दूर हैं. एक्ट्रेस के किसी नए प्रोजेक्ट को लेकर भी कोई चर्चा सुनने में नहीं आ रही है. कैटरीना को आखिरी बार फिल्म 'मैरी क्रिसमस' में देखा गया था. वहीं, कैटरीना की फिल्म जी ले जरा की बात भी सामने आई थी, जिसमें वो आलिया-प्रियंका के साथ दिखाई देंगी. हालांकि ये फिल्म काफी पहले अनाउंस हो चुकी है लेकिन इसकी शूटिंग रुकी हुई है. वहीं, एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की खबरें भी आए दिन वायरल होती रहती हैं.



# मुकेश खन्ना ने परवरिश पर उठाए सवाल तो भड़कीं सोनाक्षी

☐ वेटरन एक्टर मुकेश खन्ना ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सोनाक्षी सिन्हा की परवरिश पर सवाल उठाए थे. उनका कहना था कि अगर एक्ट्रेस को रामायण के बारे में जानकारी नहीं है तो ये गलती उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा की है. मुकेश खन्ना की इस बात पर सोनाक्षी सिन्हा ने जवाब दिया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक काफी बड़ा नोट लिखा है और मुकेश खन्ना के द्वारा परवरिश पर सवाल उठाने को लेकर अपनी बात कही है.

सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक नोट लिखा है. एक्ट्रेस ने लिखा है, 'डियर सर, मुकेश खन्ना जी, मैंने हाल ही में आपका एक बयान पढ़ा, जिसमें रामायण से जुड़े सवाल का जवाब नहीं देने पर आपने मेरे पिता के संस्कारों पर सवाल खड़े कर दिए. तो सबसे पहले मैं बता दूं कि उस दिन केबीसी की हॉट सीट पर दो महिलाएं बैठी थीं और दोनों ही उस सवाल का जवाब नहीं दे पाई थीं लेकिन आपने सिर्फ मेरा नाम लिया. हां, शायद उस दिन मुझसे थोड़ी भूल हो गई, जोकि आमतौर पर एक इंसान से हो जाती है. मुझे उस समय याद नहीं आया कि संजीवनी बूटी किसके लिए लाई गई थी. लेकिन इतना साफ है कि आप भगवान राम द्वारा सिखाए गए माफ करने और भूलने के कुछ पाठ भी भूल गए. अगर भगवान राम मंथरा को माफ कर सकते हैं, अगर वह कैकेयी को माफ कर सकते हैं. अगर वे महान युद्ध के बाद रावण के माफ कर सकते हैं तो आप यकीनन इसकी तुलना में इतनी सी छोटी सी बात को छोड़ सकते हैं.'

# 'बादशाह' का गुरुग्राम पुलिस ने काटा चालान

☐ जानेमाने सिंगर और रैपर बादशाह के काफिले की गाड़ियों का गुरुग्राम पुलिस ने चालान काट दिया है. हाल ही में बादशाह एक इवेंट के लिए गुरुग्राम पहुंचे थे. उनके काफिले की जिन गाड़ियों का चालान काटा गया है उनमें वो थार भी शामिल है जिसमें खुद बादशाह बैठकर आए थे. जानकारी के अनुसार, ये गाड़ी सड़क की रॉन्ग साइड पर चल रही थीं. ये बादशाह के नाम पर नहीं है, लेकिन रैपर इसमें बैठकर इवेंट में पहुंचे थे. बादशाह हाल ही में पॉपुलर सिंगर



करण औजला के कॉन्सर्ट में शामिल होने के लिए गुरुग्राम पहुंचे थे. बादशाह खुद एक काले रंग की थार में बैठे थे और उनके काफिले में अन्य कारें भी थीं. जिस कार में बादशाह बैठे थे, गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस ने उसका 15 हज़ार 500 रुपए का चालान किया है. बताया गया कि काफिले में शामिल अन्य गाड़ियों की पहचान भी की जा रही है. इस मामले में डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र विज ने कहा, 'बिल्कुल हमने बादशाह की गाड़ी का रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने को लेकर चालान किया है हालांकि गाड़ी बादशाह के नाम नहीं है लेकिन बादशाह गाड़ी में खुद मौजूद थे.' जिस थार में बादशाह थे उसके चालान की पर्ची भी सामने आई है और इसमें रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने के अलावा, वायु प्रदूषण के मानकों का उल्लंघन करने और खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने के बात भी शामिल है.

# 'महाभारत' बनाने से डरते हैं आमिर!



☐ आमिर खान इन दिनों अपने प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' के प्रमोशन में बिजी हैं, क्योंकि ये ऑस्कर 2025 में भारत की ऑफिशियल एंट्री बन गई है। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'महाभारत' को लेकर बात की और बताया कि वो किस बात से डरते हैं। आमिर ने दिए एक इंटरव्यू में कई खुलासे किए। जब उनसे पूछा गया कि आने वाले सालों में उनका क्या लक्ष्य है? तो एक्टर ने जवाब दिया, 'मैं वाकई बहुत सारी फिल्में बनाना चाहता हूं और नए टैलेंट को मौका देना चाहता हूं। मैं एक्टिंग करना जारी रखूंगा। मैं आमतौर पर एक एक्टर के तौर पर 2-3 साल में एक फिल्म करता हूं, लेकिन अगले एक दशक में, मैं हर साल एक फिल्म करने की उम्मीद कर रहा हूं। मैं अपनी पसंदीदा कहानियों पर बेस्ड और भी फिल्में प्रोड्यूस करना चाहता हूं।' 59 साल के एक्टर ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'महाभारत' को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'ये मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है और ये एक बहुत ही स्केरी (डरावना) प्रोजेक्ट है। इतना बड़ा और मुझे इसे गलत करने का डर है। ये एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि भारतीयों के रूप में ये हमारे लिए बहुत करीब है। ये हमारे खून में है। इसलिए मैं इसे सही करना चाहूंगा। मैं हर भारतीय को गर्व महसूस कराना चाहता हूं। मैं दुनिया को ये भी दिखाना चाहता हूं कि भारत के पास क्या है। मुझे नहीं पता कि ये होगा या नहीं, लेकिन ये कुछ ऐसा है, जिस पर मैं काम करना चाहता हूं।

CMYK

# ब्रिस्बेन टेस्ट: आकाशदीप ने इंडिया को फॉलोऑन से बचाया

## पहली पारी में स्कोर 252/9; बुमराह-आकाश की जोड़ी नाबाद लौटी

**ब्रिस्बेन.**







भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में खुद को फॉलोऑन खेलने से बचा लिया है। द गाबा स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में भारतीय टीम 193 रन से पीछे है। मंगलवार को मुकाबले के चौथे दिन स्टंप्स तक इंडिया ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिए हैं। आकाश दीप 27 और जसप्रीत बुमराह 10 रन पर नाबाद लौटे। एक समय टीम ने 213 रन पर 9वां विकेट गंवा दिया था। रवींद्र जडेजा 77 रन बनाकर आउट हुए। यहां से भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए 33 रनों की जरूरत थी। ऐसे में आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह ने संयम से बल्लेबाजी की। भारतीय टीम ने 51/4 के स्कोर से दिन की शुरुआत की। केएल राहुल ने 33 रन से पारी को आगे बढ़ाया और 84 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने 4 विकेट झटके, जबकि मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। एक-एक विकेट नाथन लॉयन और जोश हेजलवुड को मिले। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए। टीम इंडिया ने शनिवार को टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी।

जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप की आखिरी जोड़ी ने भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में चल रहे तीसरे टेस्ट में फॉलोऑन से बचा लिया। इन दोनों ने आखिरी विकेट के लिए 39 की पार्टनरशिप कर दी है। आकाशदीप ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर चौका लगातार फॉलोऑन टाला। इसके बाद उन्होंने कमिंस की ही गेंद पर छक्का भी जमाया। इन दोनों शॉट पर भारतीय ड्रेसिंग रूम का रिएक्शन देखने लायक था। कोच गौतम गंभीर, विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा खुशी से झूम उठे। भारतीय पारी का 75वां ओवर कप्तान कमिंस लेकर आए। इस ओवर से पहले भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए मात्र 4 रन की जरूरत थी। कमिंस की दूसरी ही बॉल पर आकाश दीप ने कट शॉट खेलकर गली की दिशा में चौका लगा दिया। इस चौके के बाद ड्रेसिंग रुम में मौजूद भारतीय कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दोनों ने एक दूसरे को ताली देकर हाई-फाई सेलिब्रेशन किया। इसके बाद कोहली ने रोहित के साथ भी हाईफाई किया। 75वें ओवर की चौथी बॉल पर आकाश दीप ने कमिंस को मिडविकेट के ऊपर से सिक्स लगा दिया।

फुल लेंथ की बॉल पर आकाश ने स्टेडियम की दूसरी मंजिल पर सिक्स लगाया। इस छक्के को देखने पवेलियन पर मौजूद कोहली अपनी सीट से खड़े होकर खिड़की की तरफ आ गए। यहां उनका रिएक्शन चौकाने वाला था। आकाश दीप चौथे दिन के स्टंप्स तक 27 रन पर नाबाद हैं। उन्होंने बुमराह (10*) रन के साथ आखिरी विकेट के लिए 54 बॉल पर नाबाद 39 रन जोड़, चौथे दिन की पहली



बॉल पर केएल राहुल को जीवनदान मिला। पैट कमिंस की गुड लेंथ बॉल को एक्स्ट्रा बाउंस मिला और राहुल मात खा गए। बॉल बल्ले के बाहरी किनारा लेकर दूसरी स्लिप पर खड़े स्मिथ के पास चली गई।

हालांकि स्मिथ तैयार नहीं थे और कैच ड्रॉप हो गया। इससे पहले, प्रैक्टिस के दौरान जोश हेजलवुड इंजरी हुए। वे दिन के खेल में नहीं उतरे हैं। 43वें ओवर में भारत ने छठा विकेट गंवाया। यहां केएल राहुल 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नाथन लायन ने स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। स्मिथ ने डाइव लगाकर कैच पकड़ा। यहां 67 रन की पार्टनरशिप ब्रेक हुई। तीसरे मैच के दौरान जडेजा स्पेशल बैट से खेलने उतरे। वह जब बैटिंग करने आए तब उनके बल्ले पर 'मारवाड़ी स्टैलियन' लिखा था और घोड़े का स्टिकर लगा हुआ था। मारवाड़ी स्टैलियन राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र के घोड़ों की एक नस्ल है। जडेजा को घोड़ों का बहुत शौक है। जडेजा ने इस मैच में 123 बॉल पर 77 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क मैच में लगातार बारिश की खलल से परेशान हो गए। 63वें ओवर में आज चौथी बार बारिश से खेल रुका। यहां स्टार्क ओवर की तीसरी बॉल डालने के लिए तैयार थे। लेकिन बारिश को तेज होता देख अंपायर ने उन्हें बॉलिंग करने से रोक दिया। स्टार्क ने अंपायर को ओवर पूरा करने के लिए बोला, लेकिन उन्होंने मना कर दिया।

### बूंद-बूंद से भरा सागर...
### आकाश-बुमराह ने भारत को दिया जीवनदान

गाबा टेस्ट में फॉलोऑन बचाकर जसप्रीत बुमराह और आकाशदीप ने भारतीय फैन्स का दिल जीत लिया. वहीं दोनों की बल्लेबाजी ने टीम इंडिया के सीनियर्स बल्लेबाजों को भी सीख दी है. खासकर वरिट कोहली और रोहित शर्मा को...



इन दोनों को यह सीखने की के हिसाब से खेला जाता तो लए़ि इतनी मुश्कलि भी नहीं इंडयि के सीनयिर बल्लेबाज रोहित शर्मा को सीखने की मुकाबले की पहली पारी में बुमराह और आकाश दीप ने तर्ज पर एक-एक रन जोड़ा. भारत के पुछल्ले बल्लेबाजों बुमराह के नाम रहा. जन्होिंने के समय भारतीय टीम का टीम अभी भी ऑस्ट्रेलिया से (27) और जसप्रीत बुमराह दोनों ने अब तक 39 रनों जरूरत है अगर बॉल की मेरिट गाबा की पचि बल्लेबाजी के थी. कुल मिलाकर इससे टीम खासकर विराट कोहली और जरूरत है. जो दोनों ही इस बेहद सस्ते में आउट हो गए. बूंद-बूंद से भरता है सागर की गाबा टेस्ट का चौथा दिन, आकाश दीप और जसप्रीत फॉलोऑन बचा लयिा. स्टम्प स्कोर 252/9 था. भारतीय 193 रन पीछे है. आकाश दीप (10) क्रीज पर डटे हुए हैं. की साझेदारी की है.

## झंकार महिला मंडल ने किया वी केयर वॉकथॉन का आयोजन



**नागपुर.** समाज में रह रहे 'विशेष रूप से सक्षम' (स्पेशली एबल्ड) लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में, डब्ल्यूसीएल के झंकार महिला मंडल तथा एस. वी. के. शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिसंबर को "वी केयर" वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस वॉकेथॉन में झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा आभा शुक्ला तथा उपाध्यक्ष सोनाली म्हेत्रे मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, आभा शुक्ला ने कहा कि "हमारा देश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है, प्रगति की इस मुहिम में हमारे समाज को 'विशेष रूप से सक्षम' लोगों को साथ ले कर चलने की आवश्यकता है। हमारे समाज में रह रहे 'विशेष रूप से सक्षम' लोग हमारा अभिन्न अंग हैं, इसी जन-जागृति को लाने की दिशा में हम सबने मिल कर इस वॉकथॉन का आयोजन किया है"। इस आयोजन में एस.वी.के. शिक्षण संस्था की गायत्री वत्सल का सक्रिय योगदान रहा। साथ ही "सर गंगाधर राव चिटनवीस ट्रस्ट,"जीवन धारा स्पेशल स्कूल,"डेफ एंड डम्ब रेजिडेंशियल स्कूल" सावनेर तथा "कल्याण मुकबधीर विद्यालय","ऑरेंज सिटी रननेस", "ग्रीन पार्क बायो साइंस","डॉट्स लाइफ साइंस" के सदस्यों ने भी वाकथोन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। लगभग 200 से ज्यादा लोग वाकथोन का हिस्सा बनें। उल्लेखनीय है कि, डब्ल्यूसीएल का झंकार महिला मंडल समाज के कमज़ोर वर्ग को आगे बढ़ाने तथा मुख्य धारा के साथ जोड़ने हेतु निरंतर प्रयासरत है। हाल ही में झंकार महिला मंडल द्वारा 'विशेष रूप से सक्षम' बच्चों का देश में पहला म्यूजिक बैंड बनाया गया था, जिसके माध्यम से उन बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस किए गए हैं।

## मंधाना बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉप तीन में पहुंची

**नई दिल्ली.**

आईसीसी ने महिला वनडे और टी20 रैंकिंग जारी कर दी है। मंधाना वनडे रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर दूसरे और पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद टी20आई रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। वनडे रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ट और टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के अंतिम मैच में 105 और मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20आई सीरीज के पहले मैच में 54 रन बनाए, जो नवीनतम रैंकिंग अपडेट का मुख्य आकर्षण है, जिसमें पोटचेफस्ट्रूम में दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच अंतिम वनडे में प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा गया है। वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की



ओपनर टैमी ब्यूमोंट दो पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जिन्होंने नाबाद 65 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 2-1 से जीती थी, और भारत की हरलीन देओल नौ पायदान ऊपर 64वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की तीन खिलाड़ियों ने अपनी टीम की 3-0 की जीत के बाद उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। एश्ले गार्डनर पर्थ में 50 रन बनाकर एक स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गई हैं, ताहलिया मैकग्राथ नाबाद 56 रन बनाकर 32वें स्थान से 24वें स्थान पर पहुंच गई हैं और एनाबेल सदरलैंड मैच जीतने वाली 110 रन की पारी के बाद 15 स्थान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गार्डनर 30 रन देकर पांच विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में भी दो स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं और ऑलराउंडरों की सूची में चौथे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। सदरलैंड गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल हैं। इस सूची में ऊपर आने वाले अन्य खिलाड़ियों में दक्षिण अफ्रीका की मारिजान कैप शामिल हैं, जिन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट लिया और दो पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गईं। इंग्लैंड की तिकड़ी चार्ली डीन (दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर), नैट साइवर ब्रंट (एक स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर) और लॉरेन बेल (चार स्थान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में बढ़त हासिल की है। वेस्टइंडीज के लिए हरफनमौला खिलाड़ी डिएंड्रा डॉटिन अर्धशतक के बाद 21 पायदान ऊपर चढ़कर 59वें स्थान पर पहुंच गई हैं.

### गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति शर्मा दूसरे स्थान पर

*भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी 26 रन देकर चार विकेट लेने के बाद 48 पायदान ऊपर चढ़कर 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि रेणुका ठाकुर 28वें स्थान से संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 रैंकिंग में कप्तान हरमनप्रीत कौर शीर्ष 10 में हैं और जेमिमा रोड्रिग्स 73 रन की शानदार पारी के बाद छह पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति शर्मा दो पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं और तीतास साधु 52वें स्थान पर पहुंच गई हैं।*

### दबंग दिल्ली के सामने बंगाल वॉरियर्स ने टेके घुटने

**नई दिल्ली.** दबंग दिल्ली केसी ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में सोमवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के सीजन के 115 वें मैच में बंगाल वॉरियर्स को एकतरफा मुकाबले में 47-25 के अंतर से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दूसरी ओर, बंगाल के प्लेऑफ में जाने की उम्मीद खत्म हो गई हैं। बंगाल की टीम आशु मलिक (17) के सामने पूरी तरह बेबस नजर आई और अपने 19वें मुकाबले में 11वीं हार झेलने पर मजबूर हुई। पिछले 13 मैचों से अजेय दिल्ली ने 20 मैचों में 11वीं जीत दर्ज की। इस मैच में दिल्ली ने रेड में 12 के मुकाबले 22 जबकि डिफेंस में 13 के मुकाबले 19 अंक लिए। बंगाल के लिए विश्वास (8) और नितेश (5) ही प्रभावित कर सके। प्लेऑफ का टिकट कटाने के लिए बेताब दिल्ली ने तीन मिनट के भीतर ही 5-2 की लीड बना ली। इसके बाद मयूर ने आशीष को लपक बंगाल को बड़ी सफलता दिलाई लेकिन दिल्ली ने जल्द ही 7-4 की लीड ले ली। इस बीच नवीन ने मयूर को बाहर कर हिसाब बराबर किया और फिर आशू ने सिद्धेश का शिकार कर लिया।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली.**

पीएम मोदी ने सोमवार को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को एशिया कप जीतने पर बधाई दी है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट भी शेयर किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, "भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को एशिया कप खिताब जीतने पर बधाई।

टीम ने बहुत धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया। यह सफलता हॉकी के प्रति बढ़ते जुनून को भी दर्शाती है, खासकर युवाओं में। मैं टीम को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इसके अलावा केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने भी टीम को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, "चक दे इंडिया!" भारतीय हॉकी टीम ने रविवार को महिला जूनियर एशिया कप के फाइनल में चीन को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। तय समय में 1-1 से बराबरी के बाद खिताबी मुकाबला शूटआउट तक गया, जिसमें गत



चैंपियन टीम विजयी रही। पेनल्टी शूटआउट में साक्षी राणा, इशिका और सुनीता टोप्पो ने भारत के लिए गोल किए।

गोलकीपर निधि ने लिहांग वांग, जिंगी ली और डंडन ज़ूओ के खिलाफ तीन शानदार बचाव किए और सुनिश्चित किया कि भारत अपना खिताब बचाए। इस अवसर पर हॉकी इंडिया (एचआई) ने टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। एचआई ने एक्स पर लखिा,"टीम इंडिया ने जूनियर महिला एशिया कप 2024 के फाइनल में चीन पर रोमांचक पेनल्टी शूटआउट जीतकर शानदार जीत हासिल की। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी को 2 लाख रुपये और सहयोगी स्टाफ को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# एसजेएएन-रायसोनी वार्षिक अचीवर्स पुरस्कार समारोह 21 को

### दिव्या, अक्षय, हिमांशी, नयन, काशीकर होंगे सम्मानित

**नागपुर.**













स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स' एसोसिएशन ऑफ़ नागपुर (एसजेएएन) व जीएच रायसोनी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स अपने वम वार्षिक अचीवर्स पुरस्कार समारोह के दौरान शहर के खिलाड़ियों को करेंगे सम्मानित यह वार्षिक अचीवर्स पुरस्कार समारोह 21 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे प्रेस क्लब हॉल, इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, सिविल लाइंस के सामने आयोजित किया जाएगा। भारत के पूर्व मिडफील्डर, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और राष्ट्रीय महिला हॉकी कोच हरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे। ईसकी अध्यक्षता रायसोनी एजुकेशन के चेयरमैन सुनील रायसोनी करेंगे। इस साल, भारतीय महिला शतरंज स्टार और ओलंपियाड स्वर्ण पदक विजेता दिव्या देशमुख, विदर्भ रणजी ट्रॉफी कप्तान अक्षय वाडकर, भारत की अंडर-19 हॉकी खिलाड़ी हिमांशी गावंडे, जूनियर अंतरराष्ट्रीय एथलीट नयन सारदे को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

इसी तरह, महाराष्ट्र बैडमिंटन एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन के टूर्नामेंट समिति के सदस्य और नागपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव मंगेश काशीकर को बैडमिंटन के विकास में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। एसजेएएन के सचिव परितोष प्रमाणिक ने बताया कि सेंटर प्वाइंट स्कूल, अमरावती रोड बाईपास (दाभा), स्कूलों में और महल के सीपी एंड बरार कॉलेज को खेल को बढ़ावा देने में उनके काम के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर, बैद्यनाथ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिद्धेश शर्मा और द साउथ पब्लिक स्कूल के निदेशक डेवेन दस्तूर सम्मानित अतिथि के रूप में मंच साझा करेंगे।

पुरस्कार विजेता और उनकी उपलब्धियाँ: दिव्या देशमुख (सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ खिलाड़ी): नागपुर की गोल्डन गर्ल और महिला ग्रैंड मास्टर (डब्ल्यूजीएम) दिव्या देशमुख ने सितंबर में हंगरी के बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में भारतीय महिला टीम की ऐतिहासिक खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिव्या ने ओलंपियाड में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी जीता। इस साल की शुरुआत में, दिव्या विश्व जूनियर शतरंज चैंपियन बनीं और कुछ ही महीनों में भारतीय महिला टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सीनियर स्तर पर पहुंच गईं। ओलंपियाड में दिव्या सभी 11 राउंड खेलने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थीं, जो पूरे समय अजेय रहीं। 8 जीत और 3 ड्रॉ के साथ, उसने 9.5 अंक अर्जित किए और बोर्ड 3 व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के लिए 2586 एलो की प्रदर्शन रेटिंग दी।

अक्षय वाडकर (सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ खिलाड़ी): विदर्भ रणजी ट्रॉफी कप्तान अक्षय वाडकर ने 56 प्रथम श्रेणी मैच, 47 लिस्ट 'ए' और 28 टी20 मैच खेले हैं। उनके नेतृत्व में, विदर्भ पिछले सीज़न में रणजी ट्रॉफी में उपविजेता रहा। किसी और ने नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने फाइनल में मुंबई के खिलाफ उनकी शतकीय पारी की सराहना की थी।उन्होंने 2017-18 में इंदौर में विदर्भ की पहली रणजी ट्रॉफी खिताब जीत में दिल्ली के खिलाफ मैच विजेता शतकीय पारी खेली। उन्होंने 17 नवंबर को 2017-18 रणजी ट्रॉफी मैच में विदर्भ के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया। तब से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और अब तक 3,487 रन बना चुके हैं, जिसमें दस शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। मौजूदा सीजन में विदर्भ ने पांच में से चार मैच जीते हैं और 28 अंकों के साथ टॉप पर है.

हिमांशी गावंडे (सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी): नागपुर की हिमांशी गावंडे जूनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में महाराष्ट्र की ओर से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। हिमांशी ने तीन बार जूनियर नेशनल में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया है और एक बार विदर्भ के लिए खेला है। हिमांशी के लगातार प्रदर्शन ने उन्हें ओमान में जूनियर एशिया कप के लिए पहले रिजर्व खिलाड़ी के रूप में जूनियर भारत दल में जगह पक्की करने में मदद की। रविवार को टीम ने गोल्ड मेडल जीता.

नयन सारदे (सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी): बुलढाणा के धावक नयन सारदे, जिन्हें नागपुर में प्रशिक्षित और तैयार किया गया, अगस्त में लीमा, पेरू में अंडर -20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले शहर के पहले धावक बने। 20 वर्षीय नयन ने चेन्नई में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किया जब नयन ने दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ (एसएएएफ) जूनियर चैंपियनशिप में 110 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता। मंगेश काशीकर (सर्वश्रेष्ठ खेल आयोजक): मंगेश काशीकर महाराष्ट्र बैडमिंटन एसोसिएशन (एमबीए) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) टूर्नामेंट समिति के सदस्य और नागपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (एनडीबीए) के सचिव हैं। अपने खेल के दिनों के बाद, काशीकर ने 200 से अधिक टूर्नामेंटों का आयोजन करते हुए सक्रिय रूप से बैडमिंटन को बढ़ावा दिया। काशीकर के तहत नागपुर ने वरिष्ठ राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट जबकि कई राज्य स्तरीय टूर्नामेंट की मेजबानी की। उन्हें मीरादेवी दस्तूर ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा.

सेंटर पॉइंट स्कूल, अमरावती रोड बाईपास, दाभा (सर्वश्रेष्ठ स्कूल): स्कूल खेल के क्षेत्र में लगातार प्रदर्शन कर रहा है और कई खेल विषयों में कई अंतर-स्कूल और जिला स्तर के खिताब का विजेता है। स्कूल ने स्टार इंडिया शटलर मालविका बंसोड़ सहित कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार किया है और लगातार विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन करता रहा है।

स्कूल को साउथ पब्लिक स्कूल ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।सीपी एंड बरार कॉलेज महल (सर्वश्रेष्ठ कॉलेज): कॉलेज शहर में खेलों को बढ़ावा दे रहा है और नियमित रूप से एथलेटिक्स, तैराकी, साइकिल पोलो, हॉकी और हैंडबॉल में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार कर रहा है। खेल के प्रति सेवा के लिए कॉलेज को केसी बजाज ट्रॉफी मिलेगी।

# रोजगार के लिए राजस्थान को पीएम मोदी की सौगात

> हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण

जयपुर.

राजस्थान में बीजेपी सरकार के एक साल पूरा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां पानी, बिजली, सड़क और रेलवे के साथ साथ कुल 24 प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास किया औरमुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई दी. उन्होंने कहा कि राजस्थान में विकास को नई दिशा देने में भजनलाल जी और उनकी पूरी टीम ने बहुत परिश्रम किया है. उनके नेतृत्व में पहला साल आने वाले सालों को मजबूत नींव प्रदान करेगा.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये प्रोजेक्ट्स राजस्थान में पानी की चुनौती का स्थाई समाधान करेंगे. ये प्रोजेक्ट्स राजस्थान को देश के सबसे कनेक्टेड राज्यों में से एक बनाएंगे. इससे राजस्थान में निवेश को भी बल मिलेगा.और रोजगार के अनेक अवसर बनेंगे. राजस्थान



के टूरिज्म को, यहां के किसानों को और नौजवान साथियों को इससे बहुत फायदा होगा. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पार्वती, कालीसिंध, चंबल परियोजना से राजस्थान के 21 जिलों में सिंचाई का पानी भी मिलेगा और पेयजल भी पहुंचेगा. इससे राजस्थान और मध्य प्रदेश दोनों राज्यों के विकास में तेजी आएगी.हमारी सरकार ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को स्वीकृत किया है और विस्तार भी किया है. उन्होंने इस दौरान पूर्व की कांग्रेस सरकारों पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि मैं जब गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब मां नर्मदा का पानी गुजरात के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचाने का बड़ा अभियान चलाया था लेकिन कांग्रेस ने समाधान की बजाय राज्यों के बीच जल-विवाद का बढ़ा दिया.

### शत-प्रतिशत घरों तक पहुंचेगा नल से जल

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि इन परियोजनाओं से राजस्थान में भी जल्द से जल्द शत-प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचेगा. सी. आर. पाटिल के नेतृत्व में जनभागीदारी से एक अभियान चलाया जा रहा है. रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए रिचार्जिंग वेल बनाए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि भारत के जिन राज्यों में पानी की किल्लत है, वहां अब तक करीब-करीब 3 लाख रेन वाटर हार्वेस्टिंग की संरचना बनाई जा चुकी हैं.**

## आदिवासी युवक को कार से घसीटा

वायनाड.



उत्तरी केरल के वायनाड जिले में दो दिन पहले एक आदिवासी व्यक्ति का अंगूठा कार के दरवाजे में फंस जाने के बाद उसे करीब आधा किलोमीटर तक घसीटने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पचिलक्कड़ के निवासी मोहम्मद हरशीद और अभिराम को कलपेट्टा से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बताया कि चार आरोपियों में से दो अभी भी फरार हैं जिसकी पहचान विष्णु और नबील के रूप में हुई है। यह घटना 15 दिसंबर की शाम को मनंतवाडी के कूडल कदावु में एक 'चेक डैम' के पास की है, जिसके वीडियो सोमवार को टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित किए गए। इस बीच, पीड़ित मथन ने संदेह जताया कि संभवतः आरोपी नशे में थे। उसने यह भी खुलासा किया कि कूडल कदावु क्षेत्र में मादक पदार्थ सेवन आम है और कहा कि वह आरोपियों को नहीं जानते। इस बीच, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ओ.आर. केलू ने अस्पताल में भर्ती मथन से मुलाकात की।

मंत्री ने कहा कि इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। यह आदिवासी समुदाय के प्रति रवैये को दर्शाता है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक सूत्र ने बताया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि 49 वर्षीय आदिवासी व्यक्ति का अंगूठा कार के दरवाजे में फंस गया था। उन्होंने बताया कि वाहन में बैठे लोगों से कार रोकने के लिए बार बार कहा गया, लेकिन इसके बावजूद वे लगभग आधा किलोमीटर तक पीड़ित व्यक्ति को सड़क पर घसीटते हुए ले गए।

## पाक के पूर्व मंत्री हसन चौधरी ने की प्रियंका की तारीफ



नई दिल्ली.

कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के फलस्तीन लिखा बैग लेकर संसद पहुंचने के कदम की पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने तारीफ की है। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद हसन चौधरी ने एक्स पर प्रियंका गांधी के बैग के साथ तस्वीर साझा की है। उन्होंने लिखा कि जवाहर लाल नेहरू जैसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पोती से क्या उम्मीद की जा सकती है? प्रियंका बौने लोगों के बीच तनकर खड़ी हुईं हैं। यह बेहद शर्मनाक है कि किसी पाकिस्तानी सांसद ने आज तक ऐसा साहस नहीं दिखाया।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को संसद में एक बैग लेकर पहुंचीं थी, जिस पर 'फलस्तीन' लिखा हुआ था,जो संघर्ष प्रभावित क्षेत्र के लोगों के समर्थन में एक इशारा था। प्रियंका गांधी वाड्रा के हैंडबैग पर 'फलस्तीन' शब्द और फलस्तीनी प्रतीक दिखाई दिए, जिसमें एक तरबूज की भी तस्वीर दिखी - जिसे फलस्तीनी एकजुटता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। प्रियंका गांधी वाड्रा गाजा पर इस्राइल की कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठा रही हैं और उन्होंने फलस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त की है। इससे पहले जून महीने में, प्रियंका गांधी ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना की थी, क्योंकि उन्होंने कहा था कि इस्राइल सरकार गाजा में 'नरसंहारकारी कार्रवाई' कर रही है, और उन्होंने उन पर और उनकी सरकार पर 'बर्बरता' का आरोप लगाया था।

## रूस के परमाणु सुरक्षा बल प्रमुख की मौत

मास्को.

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक बड़ा झटका लगा है। यहां की राजधानी मॉस्को में मंगलवार को एक बड़ा धमाका हुआ, जिसमें रूस के परमाणु, जैविक और रासायनिक सुरक्षा बलों के प्रमुख, लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव की मौत हो गई।

किरिलोव की क्रेमलिन के पास रियाजांस्की प्रॉस्पेक्ट पर स्थित एक अपार्टमेंट के बाहर हत्या कर दी गई। रूसी जांच एजेंसियों के अनुसार, धमाका एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में छिपाए गए बम के कारण हुआ।

बम फटने से किरिलोव और उनके एक सहायक की जान चली



गई। रूस की समाचार एजेंसी तास ने एक कानून प्रवर्तन अधिकारी के हवाले से बताया कि विस्फोटक उपकरण की क्षमता करीब 300 ग्राम टीएनटी के बराबर थी। जमीन से ली गई तस्वीरों में मलबे से अटी एक इमारत का टूटा हुआ प्रवेश द्वार दिखाई दे रहा। वहीं, घटनास्थल पर खून से सनी बर्फ में दो शव पड़े हुए थे और पुलिस ने इलाके को घेर लिया था। इसके बाद इस मामले में आपराधिक जांच शुरू कर दी गई है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जिस इलाके में धमाका हुआ, वहां के निवासियों का कहना है कि वहां निगरानी कैमरे नहीं थे। उन्होंने बताया, वहां के लोग सालों से कह रहे थे कि कैमरे ठीक से काम नहीं कर रहे और उनकी निगरानी नहीं हो रही है। मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने कहा कि सोमवार को यूक्रेनी अभियोजकों ने किरिलोव पर यूक्रेन में प्रतिबंधित रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। रूस ने इन आरोपों से इनकार किया है।

## मणिपुर में निलंबित हैं संवैधानिक अधिकार

इंफाल.

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के सदस्यों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मणिपुर में संविधानिक अधिकार निलंबित कर दिए गए हैं। विपक्षी सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों पर यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने संविधान पर चर्चा के दौरान इस मुद्दे को नहीं उठाया।

'भारतीय संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा में भाग लेते हुए टीएमसी की सुष्मिता देव ने कहा कि भाजपा के पूर्वोत्तर क्षेत्र से आने वाले सांसदों को इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि मणिपुर में संविधान द्वारा जनता को दिए गए सभी अधिकारों को निलंबित कर दिया गया है। देव ने कहा, 'आज जब हम संविधान पर चर्चा कर रहे हैं,

## भारत लोकतंत्र की जननी है : जेपी नड्डा

नई दिल्ली.

राज्यसभा में संविधान पर बहस हुई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर आपातकाल समेत कई मुद्दों को लेकर जमकर हमला बोला। साथ ही कहा कि भारत न केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि यह लोकतंत्र की जननी भी है। नड्डा ने कहा, 'हम जो त्योहार मनाते हैं, वह एक प्रकार से संविधान के प्रति हमारे समर्पण, संविधान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। मुझे विश्वास है कि हम इस अवसर का सदुपयोग कर राष्ट्रीय लक्ष्य को पूरा करेंगे। हम सभी जानते हैं कि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लेकिन जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा कि यह न केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि यह लोकतंत्र की जननी भी है।' उन्होंने कहा, 'जब हम संस्कृति की बात करते हैं तो कई बार लोग यह महसूस करते हैं कि हम प्रगतिशील नहीं हैं। मैं उनका ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि संविधान की मूल प्रति में अजंता और एलोरा की गुफाओं की भी छाप थी। हम उस पर कमल की छाप भी देखते हैं। कमल इस बात को दर्शाता है कि कीचड़ और दलदल से बाहर आने और आजादी के लिए लड़ने के बाद, हम एक नई सुबह और नए संविधान के साथ खड़े होने के लिए तैयार हैं।

इसलिए हमारा संविधान भी कमल से हमें यह प्रेरणा देता है कि तमाम परेशानियों के बावजूद हम लोकतंत्र को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा, 'एक काम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को दिया गया था और हम सभी ने इसे पिछले दरवाजे से अनुच्छेद 370 और 35ए के रूप में देखा था। पीओके से आए शरणार्थी इसके नागरिक नहीं बन सके। अनुच्छेद 370 के प्रभाव पर कभी चर्चा नहीं की गई। भारतीय संसद द्वारा पारित 106 कानून जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं होते थे, जिसमें अत्याचार



निवारण अधिनियम, मानवाधिकार अधिनियम शामिल हैं।

आपको जानकर हैरानी होगी कि पॉस्को को जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं किया गया था। जवाहरलाल नेहरू महिलाओं के संपत्ति के अधिकार के सबसे बड़े पैरोकार थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर में इसे लागू नहीं किया गया था।

आपको यह जानकर भी हैरानी होगी कि अगर एक कश्मीरी बहन ने किसी गैर-कश्मीरी से शादी कर ली, तो उसे संपत्ति के अधिकारों से भी वंचित कर दिया जाता था।'

### अनुच्छेद 370 पर साधा निशाना

**उन्होंने कहा, 'अनुच्छेद 370 में, 35ए को 1954 में राष्ट्रपति के आदेश के माध्यम से लाया गया था और 35ए को राष्ट्रपति का दर्जा दिया गया था, वह भी संसद में बहस के बिना। आजकल लोकतंत्र के बारे में बहुत चर्चा होती है, लेकिन आप राष्ट्रपति के आदेश के माध्यम से अनुच्छेद 370 में 35ए लाते हैं और आप इस पर बहस भी नहीं करते हैं। अनुच्छेद 35ए में यह परिभाषित किया गया है कि जम्मू और कश्मीर का नागरिक कौन होगा। केवल उन लोगों को नागरिक माना जाएगा जो 1944 से पहले रहते थे।'**

## बहरीन जा रहे विमान के टायर में गड़बड़ी

नई दिल्ली.



कोचिन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बहरीन के लिए उड़ान भरने वाले एक यात्री विमान को तकनीकी समस्या की वजह से वापस लौटना पड़ा। विमान के टायर में संदिग्ध समस्या की रिपोर्ट के बाद उसे वापस बुला लिया गया। हवाई अड्डे के एक सूत्र ने बताया कि मंगलवार को समस्या का पता उड़ान भरने के तुरंत बाद ही चल गया था। एहतियात के तौर पर विमान को यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोचिन एयरपोर्ट पर वापस लौटने का निर्देश दिया गया। हवाई अड्डे के प्रवक्ता के मुताबिक, टायर में समस्या के संदेह के चलते बहरीन जाने वाले एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान को सुरक्षित उतार लिया गया।

## कांग्रेस नेता राजीव जैन के घर में ईडी का छापा

नई दिल्ली.



देहरादून के चमन विहार में कांग्रेस नेता व प्रॉपर्टी डीलर राजीव जैन के घर में ईडी ने छापा मारा। करीब 18 गाड़ियों में ईडी और सीआईएसएफ की टीम राजीव जैन के घर पहुंची। मंगलवार सुबह चार बजे से राजीव जैन के घर पर ईडी की कार्रवाई चल रही है। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान करोड़ों की जमीन के दस्तावेज और कुछ नकदी भी बरामद हुई है। राजीव जैन पूर्व सीएम हरीश रावत के करीबी रहे हैं। जानकारी के अनुसार राजीव जैन पर करोड़ों के धन शोधन का मामला भी बन सकता है।

## मुस्लिम बहुल इलाके में मिला एक और मंदिर

> पुलिस ने खुलवाया सालों से बंद ताला

संभल.

जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश के संभल के कार्तिक महादेव मंदिर (भस्म शंकर मंदिर) में आज मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से आए भक्तों ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की। वहीं जिले में मंदिर और मूर्तियों के मिलने का सिलसिला फिलहाल जारी है। इसी क्रम में अब भगवान शिव का मंदिर मिलने के बाद अब राधा-कृष्ण का मंदिर मिला है। जिले के सराय तरीन इलाके में मंदिर मिलने के बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। मुस्लिम बाहुल्य इलाके में राधा-कृष्ण का मंदिर मिला है, जो कई वर्ष पुराना बताया जा रहा है। ये मंदिर अपहले बंद पड़ा हुआ था। वहीं इसके अहाते के गेट पर ताला लटका हुआ है। स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि यह मंदिर सैनी समाज का है। यहां पहले सैनी समाज के लोग रहते थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट चुकी है। हालांकि फिलहाल इस मंदिर में कोई अतिक्रमण नहीं किया गया है। जब मंदिर को खोला गया को अंदर हनुमान जी और राधा कृष्ण की मूर्तियां पाईं गईं थी। पुलिस टीम ने यहां पहुंच कर मंदिर को खुलवाया है।करीब 20 फिट के आसपास ऊंचाई में बने इस मंदिर में हनुमान जी की 4 फिट ऊंची मूर्ति और राधा कृष्ण की मूर्तियां हैं। वहीं मंदिर में सफाई करवाई जा रही है।

जानकारी मिली कि, पहले यहां पर चारों तरफ हिंदुओं के ही परिवार थे। लेकिन दंगों के बाद सभी ने डर कर पलायन कर लिया। तकरीबन 200 से ज्यादा परिवार यहां पर रहते थे जो यहां से चले गए वह कभी कभार यहां पर आते हैं। पता हो कि इससे पहले यहां एक शिव और हनुमान मंदिर मिला था। शाही जामा मस्जिद से करीब एक किलोमीट दूर यह मंदिर खग्गू सराय इलाके में है। अदालत के आदेश पर किए गए शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान 24 नवंबर को हिंसा भड़क गई थी जिसमें चार लोगों की जान चली गई और पुलिसकर्मियों समेत कई लोग घायल हो गए थे। फिलहाल जिला प्रशासन ने कुंए और मंदिर की 'कार्बन डेटिंग' के वास्ते भारतीय पुरात्व सर्वे को पत्र लिखा है।




# क्या आरक्षण को आर्थिक आधार पर बदल देना चाहिए ?

> संविधान पर चर्चा के दौरान बोले देवेगौड़ा

नई दिल्ली.

पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस नेता एच डी देवेगौड़ा ने संसद में इस पर विचार करने का आह्वान किया कि क्या जाति के आधार पर आरक्षण जारी रखना चाहिए या इसे आर्थिक आधार पर बदल देना चाहिए। राज्यसभा में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा करते हुए देवेगौड़ा ने कहा कि सदन को यह सोचना होगा कि अतीत में क्या हुआ और क्या हमें इस देश में सिर्फ गरीबी के आधार पर आरक्षण देना चाहिए।

देवेगौड़ा ने राज्यसभा में आरक्षण प्रणाली को लेकर सुझाव दिया कि सदन को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या आरक्षण को पहले जैसा



जारी रखना चाहिए या केवल उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी जाए जो सबसे ज्यादा गरीबी से पीड़ित हैं और जिनकी जीवन स्थिति बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि जो आरक्षण अतीत में दिया गया, उसके बावजूद लोग अभी भी संघर्ष कर रहे हैं और जिनकी हालत खराब है, उन्हें कोई राहत नहीं मिली।

### पीएम मोदी कर सकते हैं फैसला : देवेगौड़ा

एचडी देवेगौड़ा ने आगे कहा कि अगर सदन इस मुद्दे पर विचार करता है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर फैसला कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा तैयार किया गया संविधान समय की कसौटी पर खरा उतरा है। इसके साथ ही राज्यसभा में बीजेपी अध्यक्ष जे पी नड्डा के भाषण का जिक्र करते हुए देवेगौड़ा ने कहा कि यह आरक्षण और पिछले 75 वर्षों में देश के सामने आए अन्य मुद्दों पर एक फैसला करनेवाला भाषण था।